● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 161, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 19 जुलाई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का बड़ा एलान 5

चौथे टेस्ट से पहले मैनचेस्टर में दिखे कोहली 6

## नया ग्लोबल ग्रोथ इंजन बन रहा मध्यप्रदेश : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने बार्सिलोना में इन्वेस्ट इन एमपी बिजनेस फोरम मीट को किया संबोधित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि निवेशकों की जरूरतों को हम अच्छी तरह से जानते हैं। निवेशकों को प्रॉपर्ली फेसिलिटेट करना ही हमारी नीति है। हमारी डेडिकेटेड इन्वेस्टर्स फ्रेंडली 18 औद्योगिक नीतियों के जरिए हमने सबके लिए निवेश के द्वार खोल दिए हैं। मध्यप्रदेश आईए, हमारी नीतियों और उपलब्धियों का अवलोकन कीजिए और निवेश कीजिए। उन्होंने कहा कि भारत और स्पेन के बीच पुराने संबंध हैं। हम उन्हीं संबंधों को और भी प्रगाढ़ करने यहां आए हैं। हम यहां से सिर्फ निवेश नहीं, दीर्घ साझेदारी चाहते हैं। हमारी सरकार अगले वर्ष 2026 को भारत-स्पेन सांस्कृतिक सहयोग वर्ष के रूप में मनाएगी। इसके अंतर्गत कला, संस्कृति,



साहित्य और फिल्म आधारित कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश और स्पेन के बीच फिल्म को-प्रोडक्शन को बढ़ावा देने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। हमने स्पेन फिल्म आयोग के साथ फिल्म निर्माण के क्षेत्र में सहयोग पर भी चर्चा की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को यूरोप यात्रा के तीसरे दिन बार्सिलोना में इन्वेस्ट इन एमपी बिजनेस फोरम मीट को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन और सबमर टेक्नोलॉजी स्पेन के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिस तरह बार्सिलोना ने नवाचार, संस्कृति और आर्थिक समावेशन के जरिए विकास का अनूठा मॉडल प्रस्तुत किया है, उसी तरह मध्यप्रदेश भी विरासत से विकास की परंपरा को और आगे बढ़ाते हुए अब तेजी से ग्लोबल ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यूरोप को विज़न देने वाले बार्सिलोना को मध्यप्रदेश की ओर से अभिनंदन है। बार्सिलोना नवाचारों और सपनों का शहर है, जिस पर मां सरस्वती की कृपा है। यहां के लोग अपने अतीत को साथ रखना चाहते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विरासत के साथ विकास के मंत्र को स्पेन भी चरितार्थ करता है। बार्सिलोना ने विकास और नवाचार का नया मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश भी स्थिर शासन और सरल प्रक्रियाओं और तेज निर्णयों के मामले में दुनिया का विश्वास जुटाते हुए आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। भारत और स्पेन लोकतांत्रिक मूल्यों और नवाचारों के साथ खड़े हुए दिखाई देते हैं। दोनों के बीच 9 बिलियन डॉलर से अधिक द्विपक्षीय व्यापार है। रक्षा क्षेत्र में भी बड़ी साझेदारी है। उन्होंने कहा कि स्पेन में निवेशकों से मिलकर सबसे अधिक आनंद की अनुभूति हुई है। यहां दुनिया की सबसे बड़ी कॉटन कम्पनी इंडिटेक्स के विजिट के बाद पता लगा कि मध्यप्रदेश का कॉटन और यहां की टेक्निक मिलकर विकास का नया अध्याय लिख सकते हैं। धन कमाने में मानवीय मूल्यों को भूल जाते हैं।

## सरकार देश के प्रत्येक कोने तक विकास पहुंचा रही है: पीएम

### दुर्गापुर रैली में पीएम मोदी ने ममता सरकार पर साधा निशाना

**दुर्गापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में 5,400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर भी बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बंगाल में कोई निवेशक नहीं आ रहे हैं। यहां का विकास रुक गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि टीएमसी के गुंडा टैक्स की वजह से राज्य में निवेशक आने से डरते हैं। इस तरह की भ्रष्ट और भय की राजनीति ने बंगाल की आर्थिक प्रगति को रोक दिया है और युवाओं को रोजगार से वंचित किया है।

पीएम ने इस रैली में दुर्गापुर के लिए कहा कि ये न केवल इस्पात नगरी है, बल्कि भारत की श्रमशक्ति का भी एक बड़ा केंद्र है। पीएम ने बताया कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र



की कनेक्टिविटी बढ़ेगी और गैस आधारित परिवहन को भी मजबूती मिलेगी। जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि ये पहल भारत को विकसित बनाने की दिशा में अहम कदम हैं। हमें बंगाल को इस बुरे दौर से बाहर निकालना है, और आज यहां जिन परियोजनाओं की शुरुआत हुई है, वो इसी का प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया आज पूरा देश एक ही लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है। इस दौरान उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए तीन मूल मंत्र भी दिए और कहा कि इसका रास्ता सिर्फ विकास से सशक्तिकरण, रोजगार से आत्मनिर्भरता और संवेदनशीलता से सुशासन है। इन तीन मूलमंत्रों पर काम करते हुए सरकार देश के प्रत्येक कोने तक विकास पहुंचा रही है। भाजपा ने पश्चिम बंगाल के लिए बड़े सपने देखे हैं। हम एक समृद्ध पश्चिम बंगाल बनाना चाहते हैं। ये सारी परियोजनाएं, इस सपने को साकार करने का प्रयास हैं। पीएम मोदी ने बताया कि दुर्गापुर और रघुनाथपुर की फैक्ट्रियों में नई तकनीक के साथ काम हो रहा है। 1,500 करोड़ रुपये का निवेश इन इकाइयों को अपग्रेड करने में किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बनेंगे।

## आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता

### टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किए जाने पर जयशंकर ने जताई खुशी

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अमेरिका द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किए जाने की सराहना की। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि भारत-अमेरिका की आतंकवाद के खिलाफ सहयोग की एक मजबूत पुष्टि। लश्कर ए तैयबा के मुखौटा संगठन टीआरएफ को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और वैश्विक आतंकवादी संगठन (एसडीजीटी) घोषित करने के लिए विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अमेरिकी विदेश विभाग की



सराहना करता हूं। इसी संगठन ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने गुरुवार को टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित करते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी हमला 2008 के मुंबई हमलों के बाद भारत में नागरिकों पर हुआ सबसे बड़ा आतंकी हमला था। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्रवाई अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, और भारत के साथ सहयोग का सबूत है। गौरतलब है कि द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ही पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। टीआरएफ के प्रमुख शेख सज्जाद गुल को भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड बताया है। टीआरएफ पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की प्रॉक्सी विंग (मुखौटा शाखा) है। कई वर्षों से टीआरएफ, जम्मू कश्मीर में आतंकी हमलों को अंजाम दे रहा है।

## ईडी की रडार पर आप नेता, मनी लॉन्ड्रिंग के तीन नए केस दर्ज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता एक बार फिर ईडी की रडार पर आ गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली सरकार के कार्यकाल के दौरान सामने आए तीन बड़े कथित घोटालों में मनी लॉन्ड्रिंग के केस दर्ज कर लिए हैं। ये मामले अस्पताल निर्माण, सीसीटीवी परियोजना और शेल्टर होम से संबंधित हैं। ईडी ने इन मामलों में इन्फोर्समेंट केस इनफॉर्मेशन रिपोर्ट दर्ज की है और जल्द ही आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं को पूछताछ के लिए समन भेजे जा सकते हैं। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आप नेता आतिशी ने ईडी के द्वारा आम आदमी पार्टी के नेताओं पर केस दर्ज करने पर कहा कि भाजपा ने जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करना फिर शुरू कर दिया है।

## भारत रूसी तेल पर अमेरिकी प्रतिबंध की आशंका से चिंतित नहीं : पुरी

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथचल रहे व्यापार वार्ता के बीच भारत ने रूस से कच्चे तेल की आपूर्ति पर अमेरिकी प्रतिबंध लगने की आशंका को ज्यादा महत्व नहीं देते हुए कहा, वह अपनी तेल आयात की जरूरतें पूरी करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों से खरीदारी बढ़ाएगा।? पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बृहस्पतिवार को कहा, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक भारत रूस से तेल की आपूर्ति में किसी भी तरह की बाधा से निपटने के लिए अन्य देशों से तेल खरीद सकता है। पुरी ने रूस पर संभावित अमेरिकी प्रतिबंधों के असर को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा,



मेरे दिमाग में इसे लेकर किसी तरह का दबाव नहीं है। भारत तेल आपूर्ति के स्रोतों में विविधता लाया है। हम पहले 27 देशों से तेल खरीदते थे, जिनकी संख्या बढ़कर अब करीब 40 हो गई है। रूस तीन वर्षों में भारत के प्रमुख तेल स्रोत के रूप में उभरकर सामने आया है।?भारत के कुल कच्चे तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी अब 40 फीसदी है।?पुरी ने कहा, रूस के अलावा ब्राजील, कनाडा और गुयाना जैसे देशों से भी कच्चे तेल की आपूर्ति को बढ़ाया जा सकता है। हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) की ओर से आयोजित सालाना सम्मेलन ऊर्जा वार्ता में पुरी ने कहा, भारत घरेलू तेल खोज और उत्पादन को भी तेजी से बढ़ा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा, मैं बिलकुल भी चिंतित नहीं हूं। अगर कुछ होता है तो हम उससे निपट लेंगे। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के चेयरमैन एएस साहनी ने कहा, अगर रूस से तेल आपूर्ति बाधित होती है तो भारत उस व्यवस्था की तरफ लौट सकता है, जो यूक्रेन युद्ध से पहले लागू थी। उस समय रूस से आयात दो फीसदी से भी कम था।

## पाकिस्तान में बारिश-बाढ़ से एक दिन में 63 मौतें

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक बार फिर जबरदस्त बारिश और बाढ़ का प्रकोप देखने को मिल रहा है। खासकर पंजाब प्रांत में मानसून शुरू होने के बाद से ही सड़कें पानी से लबालब हैं। इसके अलावा खैबर पख्तूनख्वा और कुछ अन्य प्रांतों में भी बाढ़ की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। बताया गया है कि पूरे देश में जून से ही मानसून-पूर्व जो बारिश शुरू हुई थी, उसके बाद से ही स्थितियां बिगड़ने लगी थीं। तबसे लेकर अब तक पड़ोसी मुल्क में बारिश-बाढ़ से 250 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। इसके अलावा सैकड़ों लोग लापता हुए हैं। मृतकों में बड़ी संख्या बच्चों की है।

## सुप्रीम कोर्ट से लालू यादव को झटका

### निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राजद सुप्रीमो लालू



यादव को करारा झटका दिया है। अदालत ने लालू प्रसाद यादव के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। साथ ही दिल्ली हाईकोर्ट को मामले की सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत की कार्यवाही में पेशी से छूट देते हुए लालू यादव को थोड़ी राहत जरूर दी है। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ लालू प्रसाद यादव की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने दिल्ली हाई कोर्ट से सीबीआई की प्राथमिकी रद्द करने की उनकी याचिका पर सुनवाई में तेजी लाने का अनुरोध किया। बता दें कि आरजेडी सुप्रीमो बीते दिन ही राहत की मांग लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। इससे पहले लालू यादव की इस मांग को दिल्ली हाईकोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया था।

## महिलाओं को पिछड़ी परंपराओं से मुक्त करना जरूरी : भागवत

**पुणे।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी देश की प्रगति के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण बेहद जरूरी है और उन्हें पुरानी व पिछड़ी सोच वाली परंपराओं से मुक्त किया जाना चाहिए। वे महाराष्ट्र के सोलापुर में उद्योगवर्धिनी नाम के एक गैर-सरकारी संगठन की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। मोहन भागवत ने कहा, महिलाएं किसी भी समाज का सबसे अहम हिस्सा होती हैं। पुरुष



जीवनभर काम करता है, महिला भी जीवनभर काम करती है, लेकिन उससे आगे जाकर वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती है। बच्चों के मन और संस्कार मां के स्नेह में ही विकसित होते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल समाज के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के विकास के लिए अनिवार्य है। मोहन भागवत ने कहा, %ईश्वर ने महिलाओं को एक अतिरिक्त विशेषता दी है, जिससे वे वह सब कर सकती हैं जो पुरुष नहीं कर पाते। साथ ही, उन्हें पुरुषों के जैसे सभी गुण भी दिए हैं। इसलिए वे पुरुषों के बराबर हर काम कर सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पुरुषों को यह सोचना कि वे महिलाओं को ऊपर उठाएंगे, यह एक अहंकार की बात है। ऐसा सोचने की कोई जरूरत नहीं है। महिलाओं को बस स्वतंत्र छोड़ देना चाहिए, उन्हें पिछड़ी परंपराओं से मुक्त करना चाहिए और उन्हें खुद को विकसित करने देना चाहिए। जब एक महिला आगे बढ़ती है, तो वह पूरे समाज को आगे ले जाती है। इस कार्यक्रम के दौरान मोहन भागवत ने उद्योगवर्धिनी संस्था की तरफ से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों की भी सराहना की।

## रॉबर्ट वाड्रा को 10 साल से परेशान कर रही सरकार : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार पर अपने बहनोई रॉबर्ट वाड्रा को परेशान करने का आरोप लगाया। दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय ने हरियाणा के शिकोहपुर में एक जमीन सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के एक मामले में रॉबर्ट के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया है। इसे लेकर ही राहुल ने सरकार पर निशाना साधा है। राहुल ने कहा कि अंत में सच्चाई की जीत होगी। उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और उनका परिवार किसी भी तरह के उत्पीड़न का सामना करेगा।



उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मेरे बहनोई को पिछले 10 साल से यह सरकार परेशान कर रही है। यह हालिया आरोप-पत्र उसी प्रताड़ना अभियान का एक और हिस्सा है। उन्होंने आगे कहा, मैं रॉबर्ट, प्रियंका और उनके बच्चों के साथ खड़ा हूं, क्योंकि उन्हें दुर्भावनापूर्ण, राजनीतिक रूप से प्रेरित एक और हमला झेलना पड़ रहा है।

## बंगलूरू भगदड़ जांच रिपोर्ट पर अगली बैठक में होगी चर्चा : सिद्धारमैया

**बंगलूरू।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बंगलूरू में जून में हुई भगदड़ की घटना पर बनी एक सदस्यीय जांच आयोग की रिपोर्ट पर अगली कैबिनेट बैठक में चर्चा की बात कही है। इस घटना में 11 लोगों की जान गई थी और कई घायल हुए थे। सरकार ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज जॉन माइकल कुन्हा की अध्यक्षता में जांच समिति बनाई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट 11 जुलाई को सरकार को सौंप दी थी। मुख्यमंत्री ने बताया कि जांच रिपोर्ट का सारांश सभी मंत्रियों को पढ़ने के लिए दे दिया गया है। अगली कैबिनेट बैठक में इस पर विस्तार से चर्चा होगी।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य गिरफ्तार

### शराब घोटाले मामले में ईडी की बड़ी कार्यवाही

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ से एक बड़ी खबर सामने आई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य को शराब घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर लिया है। भिलाई वाले घर पर शुक्रवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापा मारा था। ईडी ने ये कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कथित शराब घोटाले से जुड़े एक मामले में की है।

घर में चल रही ईडी की कार्रवाई के बीच पूर्व सीएम भूपेश बघेल विधानसभा के लिए रवाना हो गए थे। जिसके बाद ईडी ने यह बड़ी कार्रवाई की है। वहीं कार्रवाई के दौरान नाराज समर्थकों ने बैरिकेडिंग को हटाने की मांग की। साथ ही समर्थकों ने बैरिकेडिंग को गिरा दिया था। ईडी के घर पहुंचने पर भूपेश बघेल ने एक्स पर पोस्ट साझा कर जानकारी देते हुए लिखा था कि ईडी आ गई है। आज विधानसभा सत्र का अंतिम दिन है। अदाणी के लिए तमनार में काटे जा रहे पेड़ों का मुद्दा आज उठना था। भिलाई निवास में साहेब ने ईडी भेज दी है।

बीती 11 जुलाई को छत्तीसगढ़ सरकार ने आबकारी विभाग से जुड़े एक बहुचर्चित मामले में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की।

## नौसेना में शामिल हुआ पहला स्वदेशी डीएसवी आईएनएस निस्तार

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की ताकत अब और बढ़ गई है। दरअसल आज नौसेना के बेड़े में देश का पहला स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट वेसल (डीएसवी) आईएनएस निस्तार शामिल हो गया है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की मौजूदगी में विशाखापत्तनम स्थित नेवल डॉकयार्ड में आईएनएस निस्तार को नौसैनिक बेड़े में शामिल किया गया। आईएनएस निस्तार को देश में ही डिजाइन और इसका निर्माण किया गया है। हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने 8 जुलाई 2025 को ही भारतीय नौसेना को सौंपा दिया था। इस युद्धक जहाज का निर्माण भारतीय शिपिंग रजिस्टर के नियमों के तहत किया गया है।



केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि भारतीय नौसेना का इतिहास गौरवशाली है और आईएनएस निस्तार भारत की ताकत को और बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि भारत आज सैन्य मामले में आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है और अब आयातक से निर्यातक बन रहा है। भारत ने 23,622 करोड़ रुपये हथियार निर्यात किए हैं और अब लक्ष्य 50 हजार करोड़ रुपये के हथियार निर्यात करने का है। इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने कहा कि नए आईएनएस निस्तार से नौसेना की डाइविंग क्षमता और गहरे पानी में भी काम करने की क्षमता बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि पुराने जहाज कभी नहीं मरते, वे सिर्फ नए रूप में हमारे पास वापस आते हैं।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में यह अहम कदम है। सरकार के आधिकारिक बयान के अनुसार, कुल 120 एमएसएमई कंपनियों ने मिलकर इस युद्धक जहाज को बनाने का काम किया। आईएनएस निस्तार के 80 फीसदी उपकरण स्वदेशी हैं। यह युद्धक जहाज आधुनिक तकनीक से लैस है और इसकी मदद से समुद्र में गहरे तक उतरा जा सकता है। इस डाइविंग सपोर्ट वेसल की मदद से राहत और बचाव कार्य चलाने, मरम्मत के काम आदि में काफी मदद मिलेगी। दुनिया के चुनिंदा देशों के पास ही अभी आईएनएस निस्तार जैसी ताकत है।

निस्तार नाम संस्कृत भाषा से लिया गया है, जिसका मतलब होता है आजादी या बचाव। आईएनएस निस्तार की खासियत की बात करें तो यह 118 मीटर लंबा और 10 हजार टन वजनी जहाज है, जो समुद्र में गहराई तक जाने में मदद करने वाले उपकरणों से लैस है। इसकी मदद से 300 मीटर तक समुद्र की गहराई में जाया जा सकता है। यह जहाज डीएसआरवी के लिए मदर शिप का काम करता है। अगर किसी पनडुब्बी में कोई आपात स्थिति आती है तो मरम्मत कार्य या बचाव कार्य के लिए जवानों को एक हजार मीटर की गहराई तक उतारा जा सकता है।

# अव्यवस्थाओं का दंश झेल रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवसर

## 300 से ज्यादा ओपीडी देख रहे हैं एक डॉक्टर, अस्पताल में स्टाफ की है कमी

**सिंगरौली।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अव्यवस्था का दंश झेल रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में इस समय सिर्फ दो डॉक्टर हैं। दिन में जहां डॉक्टर संजय पटेल की ड्यूटी रहती है, वही रात में बीएमओ सिंह मरीजों को देखते हैं तो वही प्रतिदिन औसतन दिन में 300 से ज्यादा ओपीडी को अकेले डॉ. संजय पटेल देख रहे हैं। हालांकि महीना पहले चिकित्सालय में दंत चिकित्सक सहित तीन डाक्टर रहते थे, लेकिन इस समय सिर्फ दो ही डॉक्टर अस्पताल में है। जहां मरीजों की लंबी लाइन लगी रहती है। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवसर में जहां प्रतिदिन 300 से ज्यादा ओपीडी रहती है। वही स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की कमी होने मरीज को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है तो वहीं स्वास्थ्य केंद्र में महिला रोग




विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन की जरूरत है। जहां प्रसूति महिलाओं की नॉर्मल डिलीवरी ना होने पर 60 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय बैढ़न के लिए रिफर करना पड़ता है ।

### महीनों से खराब पड़ा है हैंडपंप

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवसर में जहां प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में मरीज आते हैं तो वहीं स्वास्थ्य केंद्र परिसर में हैंडपंप महीनों से बंद पड़ा हुआ है। जिससे मरीजों को पेय जल के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ता है तो वही जिम्मेदार इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल बनाने की उठ रही मांग

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवसर में औसतन 300 से 400 की ओपीडी प्रतिदिन रहती है, लेकिन सुविधाओं की कमी एवं अव्यवस्थाओं के वजह से मरीजों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वही मरीज उपचार के लिए अन्य अस्पतालों एवं प्राइवेट चिकित्सालय में जाते हैं तो वहीं लंबे अर्से से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल में उन्नयन करने की मांग क्षेत्र की जनता एवं गणमान्य नागरिक उठाते रहे हैं। हालांकि क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल उन्नयन के लिए प्रयासरत हैं। अब देखना यह है कि कब तक में यह सिविल अस्पताल में उन्नयन हो पाता है।

# स्वास्थ्य है तो सब कुछ है, मलेरिया, टीबी एवं डेंटल हेल्थ शिविर का सफल आयोजन



**सिंगरौली।** अमिलिया कोल माइनिंग लिमिटेड सिंगरौली के परिसर में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर केवल एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि एक संवेदनशील प्रयास था। जो हमारे मेहनती श्रमिकों और कर्मचारियों के स्वस्थ जीवन की कामना और देखभाल से जुड़ा था। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ की गई। मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर ज्ञान, स्वास्थ्य और उजाले की कामना की गई। यह क्षण अत्यंत पावन और प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम में मलेरिया, टीबी और ओरल एवं डेंटल हेल्थ की जांच, जागरूकता और परामर्श की निश्शुल्क व्यवस्था की गई। इन सभी प्रयासों का मकसद था, काम के साथ-साथ कर्मचारियों की सेहत का भी बराबर ख्याल रखना।

# तहसीलदार सरई ने किया सघन भ्रमण, अतिवृष्टि से प्रभावित घरों का किया निरीक्षण

**सिंगरौली।** विगत दो दिवस से लगातार वर्षा के कारण सिंगरौली जिले का जनजीवन अस्त-व्यस्त होने लगा। कलेक्टर सिंगरौली के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन दल द्वारा जिले में समुचित रूप से राहत का कार्य कर रही है। तहसील सरई अंतर्गत कई स्थानों पर लगातार भारी बारिश से जनहानि, पशुहानी और फसल की क्षति हुई। जिस पर तहसीलदार सरई चंद्रशेखर मिश्रा द्वारा सक्रियता दिखाते हुए क्षेत्र का भ्रमण किया। ग्राम शिवगढ़, झारा, सरई, गन्नई, पुरैल, खनुआ, जमगड़ी, गोरा, धूम्मडोल का निरीक्षण किया गया। श्री मिश्रा द्वारा राजस्व टीम के साथ राहत का कार्य किया गया।

राजस्व टीम के निरीक्षण में 13 मकान क्षति, 4 कुआं धसकने, 1 आकाशीय बिजली, 4 पशुहानी प्रकरण प्रकाश में आए। इसी प्रकार क्षेत्र में दियागड़ई-ठरकठैला मार्ग जल भराव के कारण बाधित हुआ। जहां पर आवश्यक एहतियात के साथ मार्ग में सतर्कता बढ़ाई गई।



पानी निकालने के बाद ही उसे खोला गया। महुली में मार्ग पर वृक्ष के गिर जाने से रास्ता बाधित हुआ, जहां राजस्व टीम एवं ग्रामीणों द्वारा मौके से पहुंचकर वृक्ष को रास्ते से हटवा कर आवागमन सुचारू किया गया। निगरी, झारा, बंजारी, भरसेड़ी, हरदी ग्रामों में गोपद नदी पर राजस्व टीम निगरानी में लगी थी। आवागमन बाधित नहीं हुआ। ग्राम गन्नई, पुरैल एवं शिवगढ़ में कई स्थानों पर मकान में जल भराव होने से ग्राम सरपंच, सचिव, पटवारी, नगरपरिषद के सहयोग से जेसीबी के माध्यम से जल भराव क्षेत्र से नली बनाकर पानी निकाला गया। राहत कार्य में तहसील सरई की राजस्व टीम, ग्राम पंचायत, नगर परिषद की टीम द्वारा किया गया। थाना सरई, बरका, निवास, निगरी की पुलिस टीम भी क्षेत्र भ्रमण में रही।

# सड़क पर हुये गड्ढों को तत्काल भरने के प्रयास किये जायेंगे : रामनिवास

## विधायक ने कहा वाहन चलाते समय हेलमेट व सीटबेल्ट है बेहद जरूरी

**सिंगरौली।** बीते दिवस सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित की गई थी।

आज दिन शुक्रवार को मीडिया कर्मियों से मुखातिब होते हुये विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि बैठक के दौरान कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये गये हैं कि सड़क सुरक्षा पर विशेष निगरानी रखें। क्योंकि आये दिन सड़क पर दुर्घटनाओं के चलते किसी के घर के चिराग बूझ रहे हैं। जनता में आक्रोश बन रहा है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए जहां सड़को में टर्निंग प्वाइंट है, वहां सांकेतिक चिन्ह लगाये जाये। श्री



शाह ने आगे कहा कि जिन स्थानों पर वाहनों की रफ्तार ज्यादा बन रही हो या फिर चिन्हित स्थानों पर घटनाएं ज्यादा हो रही हैं, वहां ब्रेकर बनाये जाये। ताकि घटनाओं पर लगाम कसा जा सके। इसके अलावा हमारी भी नैतिक जिम्मेदारी होती है कि जब हम वाहन चलाये, तो खुद सुरक्षित होकर चले। अगर दो पहिया वाहन चला रहे हैं तो हेलमेट अवश्य लगायें और चार पहिया वाहन में सीटबेल्ट का प्रयोग करें। ताकि हम सुरक्षित रहें। इसके अलावा श्री शाह ने कहा कि कलेक्टर को बैठक के दौरान निर्देश दिया गया है कि सड़क में जो गड्ढे हुये हैं, उन्हें तत्काल भरा जाये। क्योंकि बारिश के चलते गड्ढों में पानी भर जाता है और वाहन चालक इन गड्ढों में फंस जाते हैं और घटना घटित हो जाती है। घटनाओं को लेकर हम सब चिंतित हैं। लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

# चितरंगी बस स्टैंड की कहानी, आम आदमी की जुबानी

**सिंगरौली।** सरकार द्वारा लगभग 90 लाख रुपये में यह बस स्टैंड बनाया गया है, जिसका लोकार्पण चितरंगी के मौजूदा विधायक, पूर्व विधायक, जनपद अध्यक्ष, सरपंच और जिपं उपाध्यक्ष की मौजूदगी में अक्टूबर 2024 में किया गया। लेकिन बस स्टैंड संचालक की तरफ से संचालन और सफाई व्यवस्था में कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है, जैसा कि आप फोटो और वीडियो के माध्यम से देख सकते हैं कि बस स्टैंड को चालू हुए 1 साल भी नहीं हुआ और बस स्टैंड जानवरों का आरामगृह बन गया है। साथ ही बियर की बोतल यह भी बताती है कि बस स्टैंड पार्ट टाइम नशे का भी अड्डा है।

# हरदा में हुई घटना के विरोध में क्षत्रिय कुलावंत संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## हरदा की घटना को क्षत्रिय कुलावंत ने बताया बेहद निंदनीय, संगठ्न ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**सिंगरौली।** क्षत्रिय कुलावंत संगठन ने हरदा जिले के करणी सेना से जुड़े कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा छात्रावास में घुसकर किए गए लाठीचार्ज के विरोध में आज दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री म.प्र. को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र और संविधान के प्रति अपराध बताते हुए तत्काल उच्चस्तरीय न्यायिक जांच और कड़ी कार्यवाही की मांग की।

संगठन प्रमुख अंकित सिंह ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि सर्वप्रथम आपके पिता-स्वरूप ससुर के निधन पर क्षत्रिय कुलावंत



संगठन अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता है। साथ ही आपको धन्यवाद देता हूँ कि आपने हरदा छात्रावास प्रकरण पर संज्ञान लिया। यह आपके संवेदनशील नेतृत्व का संकेत है, परंतु मैं विनम्रतापूर्वक यह कहना चाहता हूँ कि केवल जांच रिपोर्ट तलब करना पर्याप्त नहीं है। उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंह ने कहा कि हरदा की सड़कों से लेकर छात्रावास तक, जहाँ न्याय की उम्मीद की जाती है, वहाँ निर्दोष युवाओं और हरदा के आम नागरिकों को बर्बर लाठीचार्ज का शिकार बनाया गया। संगठन के सचिव दशरथ सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री हम अब सिर्फ जांच की प्रतीक्षा नहीं कर सकते, हमें न्याय चाहिए। उक्त ज्ञापन में मुख्य रूप से संगठन प्रमुख अंकित सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, दशरथ सिंह भाटी, सतेंद्र सिंह गहरवार, बृजभूषण सिंह, विकेश सिंह, आनंद सिंह, राहुल सिंह, भरत सिंह, कुंदन सिंह सहित अन्य की मौजूदगी रही।

# विद्यालय में विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत से उपस्थिति कम न हो : उपायुक्त

**शहडोल।** उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री जे. पी. यादव ने शहडोल संभाग के समस्त प्राचार्य विशिष्ट संस्थाएं/ उ.मा.वि./हाईस्कूल, जनजातीय कार्य विभाग को पत्र जारी कर कहा है कि प्रतिमाह विद्यार्थी एवं पालक को माह में शाला लगने के कुल दिवस तथा विद्यार्थी के उपस्थिति दिवस की सूचना प्रदान कर पावती भी प्राप्त करें, अगले माहों की उपस्थिति भी जोड़कर सूचित किया जाए, कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों से कक्षा शिक्षक प्रतिमाह के अंत में चर्चा करेंगे तथा उन्हें सूचित कर विद्यार्थी की उपस्थिति बढाने के लिए प्रेरित करें। विद्यार्थियों को कक्षाओं में यह स्पष्ट रूप से अवगत कराया जाए कि सत्र के अंत तक 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है, अन्यथा बोर्ड उन्हें प्राइवेट विद्यार्थी के रूप में मान्य करेंगा, इसलिए 75 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रहे। जिन विद्यार्थियों की उपस्थिति अंतिम तीन माह के पूर्व 75 प्रतिशत से कम पाई जाती है, उन्हें आगामी तीन माह में शत-प्रतिशत शाला दिवसों पर उपस्थित होने हेतु प्रेरित करें, ताकि विद्यार्थी प्राइवेट न हो सके। यह निर्देश केवल बोर्ड परीक्षा के लिए नहीं बल्कि है समस्त कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए लागू होंगे। सभी कक्षाओं में विद्यार्थियों को कक्षा एवं कालखण्डों में अधिकतम उपस्थिति के लिए प्रेरित किया जाए।

# आपदा प्रबंधन दल जल भराव क्षेत्रों की लगातार करते रहे मॉनिटरिंग : कलेक्टर

**सिंगरौली**

जिले में लगातार हो रही वर्षा को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने आपदा प्रबंधन दलो को निर्देशित किया कि लगातार जल भराव वाले क्षेत्रों की मॉनिटरिंग करते रहे है। ताकि जिले में जल भराव बाढ़ के कारण कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाये। उन्होंने राजस्व अधिकारियो को निर्देशित दिए कि राजस्व एवं पुलिस दल संयुक्त रूप से समन्वय बनाकर लगातार चिन्हित जल भराव क्षेत्रों की सूचना से हर समय अपडेट रहे। अपने सूचना तंत्र को

**बाढ़ अपदा प्रबंध में लगे अधिकारी-कर्मचारी हर समय अलर्ट मोड पर रहे : शुक्ला**

मजबूत रखे।

कलेक्टर ने उप खण्ड अधिकारी चितरंगी को निर्देशित किया कि सोन नदी के बाढ़ प्रभावित वाले क्षेत्र के हर समय की जानकारी रखे। बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांवो में हर पल निगरानी बनाये रखे। जहां पर बाढ़ आने की संभावना है। ऐसे स्थलों पर निवास करने वाले नागरिको को पहले से ही चिन्हित सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की व्यवस्था बनाकर रखे। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा जिले में बारिस का आरेंज अलर्ट जारी किया गया कि बाढ़ अपदा प्रबंध में लगे अधिकारी-कर्मचारी अलर्ट मोड पर रहे। कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्र में भी ननि आयुक्त को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्र के जल भराव वाले प्रभावित स्थलो की लगातार मॉनिटरिंग कराते रहे। नाले-नालियों को उचित साफ - सफाई कराये, ताकि कहीं पर भी जल भराव कि स्थिति निर्मित न होने पाये।

# सागर की घटना पर कर्मचारी संघ ने जताई नाराजगी

**सिंगरौली।** म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना क्रियान्वयन ईकाइ सागर के महाप्रबंधक सौरभ जैन के द्वारा उपयंत्री सुनील अग्रवाल के साथ बीते 17 जुलाई को गाली गलौज के साथ मारपीट करने व संविदा सेवा समाप्त करने की धमकी दी गई। जिसके विरोध में संविदा संयुक्त संघ मंच के द्वारा आज दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम सिंगरौली प्रशासन को ज्ञापन सौपते हुये नाराजगी जाहिर कर कार्रवाई की मांग की है।

म.प्र. संविदा संयुक्त संघर्ष मंच के जिलाध्यक्ष अजय सिंह चौहान के अगुवाई में मुख्यमंत्री के नाम संयुक्त कलेक्टर संजीव



पाण्डेय को सौपे ज्ञापन में बताया गया कि महाप्रबंधक सौरभ जैन के द्वारा कार्यालय में पदस्थ उपयंत्री सुनील अग्रवाल जब महाप्रंधक के कमरे में किसी कार्य से गये तो वहां वार्तालाप के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुये गाली गलौज कर मारपीट पर उतारू हो गये। जहां कर्मचारियों ने बीच बचाव किया। महाप्रबंधक के द्वारा संविदा सेवा समाप्त करने की धमकी दी गई। महाप्रबंधक को तत्काल बर्खास्त किया जाये और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाये।

# नशा नाश की जड़ है, इसे त्यागे, लोगों को जागरूक करने चली मुहिम



**सिंगरौली।** थाना नवानगर द्वारा अमलोरी कोल माइंस व रिलायंस कंपनी के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को जागरूक करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एएसपी अभिषेक रंजन, थाना प्रभारी नवानगर एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

प्रतिभागियों को नशे के दुष्परिणाम समझाकर शपथ दिलाई गई। साथ ही टी-शर्ट, कैप एवं बैच वितरित किए गए। थाना मोरवा द्वारा आदर्श गंगा स्कूल के पास स्थित चिन्हित झुग्गी क्षेत्र में नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। वही थाना सरई के ग्राम गोरा में ग्रामीण व झुग्गी क्षेत्र में लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बताए गए और नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई गई। साथ ही थाना माड़ा द्वारा खम्हरिया साकेत बस्ती में झुग्गी बस्तियों में जाकर नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन कर नशे के प्रति जागरूकता फैलायी गई। इधर चौकी सासन द्वारा शा. स्कूल मकरोहर में नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों एवं नागरिकों को नशा न करने एवं पुनर्वास सेवाओं की जानकारी दी गई।

# डीजीएमएस के टीम ने चिल्काडाड़ खदान जनित प्रदूषण का किया सत्यापन

**सिंगरौली।** नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की प्रथम परियोजना की प्रथम पुनर्वास बस्ती चिल्काडांड़ गांव में मानसून आते ही ग्रामीणों में भय की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। प्रतिवर्ष एनसीएल खड़िया परियोजना के ओवर वर्डन की मिट्टी पानी के साथ गांव में घुस जाती है, जिसे जान माल का खतरा बना रहता है। वही पुनर्वास बस्ती के समीप हॉल रोड से हजारों टेलर कोयला लेकर गुजरते हैं, जिससे धूल का गुब्बरा पूरे गांव को प्रदूषित कर रहा है। पुनर्वास बस्ती के लोग भयंकर प्रदूषण के कारण गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। ऊर्जांचल विस्थापित कल्याण समिति द्वारा पुनर्वास गांव में हो रहे कोयला खदान जनित प्रदूषण की शिकायत डीजीएमएस खान सुरक्षा महानिदेशालय को किया गया था।

# हाई टेंशन टावर में प्रेमी जोड़े ने लगाई फांसी, मौत

## बरगवां थाना क्षेत्र के खेखड़ा गांव की घटना

**सिंगरौली**

जिले के बरगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत खेखड़ा गांव में आज दिन शुक्रवार की सुबह जब एक हाई टेंशन टावर में एक युवक और एक युवती एक फंदा बनाकर एक साथ झूल रहे थे। इस घटना को देख गांव में हड़कंप मच गया।

बताया जाता है कि घटना की सूचना तत्काल बरगवां पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस फंदे से दोनों को उतरवाया और मर्ग कायम कर पीएम उपरांत बॉडी को परिजनों को सौपते हुये मामले को विवेचना में ले लिया है। फिलहाल पुलिस इस घटना को प्रेम प्रसंग मान रही है। इधर जानकारी में बताया गया कि खेखड़ा गांव के विनोद केवट पिता शंकरलाल केवट उम्र 23 वर्ष और मधु केवट पिता प्रहलाद केवट उम्र 19 वर्ष दोनों एक ही गांव के निवासी हैं। बताया जाता है कि जब सुबह दोनों फांसी के फंदे पर एक साथ झूले थे, तो जिसने भी इस घटना को देखा हतप्रभ रह गया। कि आखिर ऐसी क्या बात थी कि दोनों एक साथ एक ही फंदे में फांसी लगाया। इधर यह भी बताया जाता है कि विनोद केवट का विवाह कुछ वर्ष पूर्व हो गया था, आखिर उसने एक साथ फांसी क्यों लगाई। स्थानीय व पुलिस के बातों पर गौर करे तो दोनों युवक-युवती प्रेम प्रसंग काफी दिनों से चल रहा था। दोनों एक साथ जीने-रहने की कसमे खाई थी, लेकिन इधर बीच में युवक का विवाह हो गया, लेकिन दिल तो कहीं दूसरी जगह था। जिसके चलते दोनों विवाह के बंधन में तो नही बंध पाये, इसलिए साथ मरने की सोच कर बीती रात्रि फांसी के फंदे पर झूल कर मौत को गले लगा लिया है। इस घटना से गांव में जहां हड़कंप मचा है, वही लोगों की जुबा से तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की पतासाजी में जुटी हुई है।

### इनका कहना

*युवक व युवती ने टावर में फांसी लगाकर आत्महत्या किया है। प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग का मामला लग रहा है। मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।*

**राकेश साहू**
**टीआई, बरगवां**

# नशे से दूरी है जरूरी, हुआ संयुक्त जागरूकता एवं संकल्प कार्यक्रम



**सीधी।** कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा के निर्देशन तथा सामाजिक न्याय विभाग के प्रभारी अशोक तिवारी के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग सीधी एवं सामाजिक न्याय विभाग सीधी के संयुक्त तत्वावधान में ष्नशे से दूरी है जरूरीष् विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मडरिया बंसल बस्ती एवं साकेत बस्ती में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में नशा मुक्ति के प्रति जनजागरूकता फैलाना और लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम का आयोजन सीधी जिले के पुलिस उप अधीक्षक श्री अमन मिश्रा के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में थाना प्रभारी कोतवाली श्री कन्हैया सिंह बघेल, थाना प्रभारी जमोड़ी श्री पुष्पेंद्र सिंह एजेके थाना प्रभारी रामलोटन साकेत, पुलिस विभाग के ह्यअन्य अधिकारीगण एवं दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र से श्री शिवांसु शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने स्थानीय नागरिकों को नशे की लत के सामाजिक, मानसिक एवं शारीरिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, सामाजिक न्याय विभाग द्वारा चलाई जा रही नशा मुक्ति योजनाओं एवं पुनर्वास सेवाओं की जानकारी भी साझा की गई, जिससे लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी नागरिकों को नशा न करने और समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। इस प्रेरणादायक पहल ने उपस्थित लोगों को गहराई से प्रभावित किया और उन्हें सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित किया। स्थानीय नागरिकों ने इस प्रयास का गर्मजोशी से स्वागत किया और नशा मुक्त समाज की दिशा में इस प्रकार की पहलों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

## जिले में औसत वर्षा 752.8 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा बहरी में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 18 जुलाई को सीधी जिले में 30.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 46.0 मि.मी., चुरहट में 60.0 मि.मी., गोपद बनास में 17.0 मि.मी., सिहावल में 22.2 मि.मी., बहरी में 23.8 मि.मी., मझौली में 28.0 मि.मी. और कुसमी में 15.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 752.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 18 जुलाई तक तहसील बहरी में सर्वाधिक वर्षा 874.3 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 631.5, चुरहट में 662.0, गोपद बनास में 687.8, सिहावल में 849.6, मझौली में 852.0 मि.मी. और कुसमी में 712.3 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 202.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 549.9 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# दस्तक अभियान जिला टास्क फोर्स बैठक में दिए आवश्यक निर्देश



**सीधी।** जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 22 जुलाई से 16 सितंबर तक स्टाप डायरिया सह दस्तक अभियान चलाया जाएगा। जिसकी सफलता हेतु शुक्रवार 18 जुलाई को जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबिता खरे ने बताया कि अभियान से पूर्व जिले में 5 वर्ष तक के सभी बच्चों का डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। उन्होंने समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो बच्चे डिजिटाइजेशन से छूट गए हैं, अभी 2 दिन का समय है घर-घर जाकर सर्वे कर उनका डिजिटाइजेशन कराये। व्यवस्थित जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग की सूची से मिलान कराये। अगर इसके बाद भी कहीं लापरवाही होती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए की अभियान के दौरान कुसमी और सिहावल के पहुंच विहीन, दूरस्थ अंचलों में गंभीर एनीमिक बच्चों के लिए शिविर लगाए और इन बच्चों को ब्लड चढ़ाने के लिए ब्लड वैन की व्यवस्था जिले से की जाएगी। जो बच्चे अभियान के दौरान कुपोषित मिलते हैं उनको नियमानुसार एनआरसी में भर्ती कराया जाए। और आवश्यकतानुसार उपचार दिया जाए। बैठक में डीआईओ डॉ. नागेंद्र बिहारी दुबे, समस्त विकासखंड के प्रतिनिधि एवं महिला बाल विकास के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सीएमसीएचओ डॉ. खरे ने यह भी निर्देश दिया कि ग्राम में आशा के माध्यम से नारे लेखन, समूह चर्चा और कैंप के दिन साफ-सफाई एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से हैंड वॉश का प्रदर्शन बच्चों के सामने किया जाए। पीएचई विभाग से सामंजस्य बनाकर पानी की टंकी की सफाई एवं स्वच्छ पानी के प्रयास एवं समझाइए दें। तथा जिले से मॉनिटरिंग दल द्वारा प्रत्येक विकासखंड का नियमित सुपरविजन के साथ अभियान का संचालन किया जाए।

# सीधी से ब्यौहारी मार्ग पर वाहनों के आवागमन 31 जुलाई तक पूर्णत: प्रतिबंधित कर मार्ग परिवर्तित किया गया

**सीधी**

लोकहित को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने आदेश जारी कर मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-115 सहपठित म.प्र. मोटरयान नियम, 1994 के नियम 215 में प्रदत्त शक्तियों के तहत सीधी से ब्यौहारी मार्ग पर वाहनों के आवागमन को दिनांक 18.07.2025 से 31.07.2025 तक के लिये पूर्णत: प्रतिबंधित कर मार्ग परिवर्तित किया गया है।

जारी आदेशानुसार ब्यौहारी से सीधी के लिए ब्यौहारी व्हाया बघवार से चुरहट से सीधी मार्ग परिवर्तित किया गया है। इसी प्रकार मझौली से ब्यौहारी के लिए मझौली -चुवाही -सीधी-चुरहट बघवार-ब्यौहारी, सीधी से ब्यौहारी के लिए सीधी- चुरहट बघवार-ब्यौहारी एवं ब्यौहारी से मझौली के लिए ब्यौहारी बघवार-चुरहट-सीधी-चुवाही- मझौली मार्ग परिवर्तित किया गया है।

उक्त आदेश का उल्लंघन किये जाने पर संबंधित के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा- 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम संभाग रीवा द्वारा अवगत कराया गया कि सीधी ब्यौहारी राज्य राजमार्ग क्रमांक 24 के अंतर्गत ग्राम चमराडोल के पास बनास नदी के पास स्थित मार्ग अत्यधिक बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त हो गया है। मार्ग पर भारी वाहन चल रहे है, जिसकी वजह से मार्ग के चौनेज क्रमांक 54400 की सड़क और ज्यादा क्षतिग्रस्त हो गई है एवं उक्त स्थल पर दुर्घटना घटित होनें जैसी स्थिति निर्मित हो गई है। उक्त मार्ग के क्षतिग्रस्त भाग को संधारण कार्य दिनांक 17.07.2025 से प्रारम्भ होकर 15 दिवस के अंदर पूर्ण करने का लेख किया गया है, जिस हेतु सीधी-ब्यौहारी मार्ग के ग्राम चुवाही से ब्यौहारी तक के मार्ग को तुरंत बंद करने एवं प्रस्तावित अनुसार मार्ग को परिवर्तित करने हेतु अनुरोध किया गया है।

## फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार का ईनाम घोषित

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। उन्होंने कहा है कि जो भी व्यक्ति आरोपी को गिरफ्तार करेंगा या गिरफ्तारी के लिए ऐसी सूचना देगा जिसके आधार पर फरार आरोपी की गिरफ्तारी हो सके इनाम राशि के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। इनाम वितरण का अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक का मान्य होगा।

ग्राम डिघौल थाना लौर देवतालाब जिला मऊगंज की चन्द्रवती उर्फ तारा देवी पत्नी लालमणि विश्वकर्मा एवं लालमणि विश्वकर्मा पिता स्व. बद्री प्रसाद विश्वकर्मा की गिरफ्तारी पर 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया है।

# नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में आवेंदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई

### जिले के अधिक से अधिक बच्चों को प्रोत्साहित करने प्राचार्य ने अधिकारियों से की भेंट

**सीधी**

नवोदय विद्यालय कक्षा 06 में सत्र 2025-26 के एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा के फॉर्मऑन लाइन भरे जा रहे हैं। फार्म भरने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र नवोदय विद्यालय सिलेक्शन टेस्ट कक्षा छठी में फार्म बढ़ाने के लिए इस संदर्भ में नवोदय विद्यालय समिति नई दिल्ली राजेश लखानी आई.ए.एस. आयुक्त नवोदय विद्यालय समिति हेडक्वार्टर दिल्ली के डियो लेटर को कलेक्टर को हस्तांतरित करने तथा आर.के. वर्मा उपयुक्त तथा सहायक आयुक्त दीक्षा ज्योति मिश्रा, लेखराज मीणा एवं डी.के. सिंह क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के डायरेक्शन में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीके त्रिपाठी और जेएनवीएसटी इंचार्ज सुधीर सरोज ने जिला कलेक्टर कार्यालय के अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंशुमन राज एवं जिला शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह, डी.पी.सी. राजेश कुमार तिवारी, असिस्टेंट डायरेक्टर एजुकेशन ओशो उत्सव और ए.पी.सी. सुजीत कुमार मिश्रा, प्रवीण कुमार शुक्ला एडी.पी. सी. से मिलकर विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रवेश के लिए डियो लैटर जिला कलेक्टर को हस्तांतरित किया गया।




साथ ही हाई स्कूल खैरा ब्लॉक सिहावल सीधी के विद्यालय को भी विजिट किया जिसमें प्राचार्य अनुज कुमार तिवारी और उनके अधीनस्थ कृष्णा कुमार द्विवेदी और अमित सिंह बघेल उनके स्टाफ एवं कक्षा पांचवी और दसवीं के विद्यार्थियों को अधिक से अधिक फॉर्म भरने के लिए प्रेरित किया गया।

## जिला न्यायालय में कार्यालय सहायक, रिसेप्सनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं कार्यालय भृत्य के पदों के साक्षात्कार 27 जुलाई को

**सीधी**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम अंतर्गत कार्यालय स्टॉफ कार्यालय सहायक, रिसेप्सनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं कार्यालय भृत्य पद पर 01 वर्ष की संविदा नियुक्ति के लिए साक्षात्कार जिला न्यायालय परिसर स्थिति एडीआर भवन में कार्यालय सहायक, रिसेप्सनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर पद का दिनांक 27.07.2025 को प्रात: 08.00 बजे एवं कार्यालय भृत्य पद का दिनांक 27.07.2025 को दोपहर 02:00 बजे से साक्षात्कार समाप्त होने तक साक्षात्कार समिति द्वारा लिया जावेगा।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश कुमार शिवहरे ने बताया कि साक्षात्कार की सूचना हेतु जिला न्यायालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर सूचना पत्र में साक्षात्कार तिथि, समय और स्थान की जानकारी चस्पा कराई गई है।

साक्षात्कार की लिए आवेदनकर्ता को पहचान पत्र एवं मूल दस्तावेज निर्धारित दिनांक व समय पर जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर भवन सीधी में उपस्थित होना है।

## फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 30 हजार का ईनाम घोषित

**सीधी।** पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा गौरव राजपूत ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 30 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। उन्होंने कहा है कि जो भी व्यक्ति आरोपी को गिरफ्तार करेंगा या गिरफ्तारी के लिए ऐसी सूचना देगा जिसके आधार पर फरार आरोपी की गिरफ्तारी हो सके इनाम राशि के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। इनाम वितरण का अंतिम निर्णय पुलिस महानिरीक्षक रीवा का मान्य होगा। ग्राम मल्देवा थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी के अतिबल कोल पिता भूरा कोल तथा नंदलाल कोल पिता जेठू कोल की गिरफ्तारी पर 30 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया है। उक्त के संबंध में अधिक जानकारी पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय रीवा से प्राप्त की जा सकती है

## न्यायालय में चालान प्रस्तुत होने पर आरोपी पटवारी को किया गया निलंबित

**सीधी।** उपखण्ड अधिकारी मझौली द्वारा आदेश जारी कर गोरखनाथ विश्वकर्मा पटवारी हल्का दुअरा तहसील-चुरहट हाल तहसील कार्यालय मझौली जिला-सीधी को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) जिसमें 1966 के नियम 9(1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। निलंबन अवधि में गोरखनाथ विश्वकर्मा पटवारी का मुख्यालय तहसील कार्यालय मझौली नियत किया गया है।

उन्होंने बताया कि कलेक्टर (भू-अभिलेख) जिला-सीधी के पत्र दिनांक 15 जुलाई 2025 के अनुसार अपराध क्र. 188/2022 धारा 7 अ.जि. अधिनियम 1988 संशोधन अधिनियम 2018 के प्रकरण में आरोपी गोरखनाथ विश्वकर्मा पटवारी हल्का दुअरा, तहसील -चुरहट हाल तहसील कार्यालय मझौली जिला-सीधी के विरूद्ध विशेष न्यायालय सीधी दिनांक 17.06.2025 को चालान पेश किया गया है जिसका वि.प्र. क्रमांक 01/2025 है। मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन भोपाल की अधिसूचना दिनांक 17.04.1996 के अनुसार शासकीय सेवक के विरूद्ध अपराध से चालान प्रस्तुत होने पर संबंधित कर्मचारी को निलंबित किये जाने का प्रावधान है।

# सीड योजना के तहत विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के विद्यार्थियों को परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण के तहत फ्री कोचिंग

**सीधी**

सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण सीधी ने जानकारी देकर बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की सीड योजना के तहत विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के विद्यार्थियों को परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण के तहत फ्री कोचिंग के माध्यम से शैक्षणिक स्तर के उन्नयन से सशक्त बनाने की दिशा में एक पहल है। इस योजना का उद्देश्य विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के विद्यार्थियों को अच्छी गुणवत्ता वाली कोचिंग प्रदान करना है, जिससे उन्हें उच्च शिक्षा एवं रोजगार हेतु प्रतिस्पर्धा परीक्षाओं में सफल होने में सक्षम बनाया जाकर उच्च शिक्षा एवं रोजगार सुनिश्चित किया जा सके।

भारत सरकार के विभाग द्वारा यह योजना बड्डी फोर स्टडी संस्था के माध्यम से संचालित की जा रही है। इस योजना में आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 03.08.2025 निर्धारित की गयी है।

सहायक संचालक द्वारा समस्त प्राचार्यों को सूचित किया गया है कि इस योजनांतर्गत अधिक से अधिक छात्र/छात्राओं को लाभान्वित किया जाए। साथ ही जिन पात्र छात्र/छात्राओं के पास आवश्यक दस्तावेजों की कमी है, उनके दस्तावेज पूर्ण कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए, ताकि वे भी योजना का लाभ प्राप्त कर सके। योजना का अधिकतम लाभ विद्यार्थियों तक पहुॅचाया जा सके।

# जन सहयोग से राम वन पथगमन सीतामढ़ी धाम को मिलेगा भव्य स्वरूप: सांसद

**शहडोल।** जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम गंधिया में सांसद संसदीय क्षेत्र सीधी डॉ. राजेश मिश्र एवं ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री शरद कोल ने सीतामढ़ी राम पथ गमन को भव्य स्वरूप देने हेतु लोक परिसंपति प्रबंधन के तहत 25 लाख रुपए से निर्मित होने वाले भवन निर्माण कार्य एवं 15.78 लाख रुपए की लागत से पेयजल व्यवस्था और सोलर पैनल की स्थापना हेतु भूमिपूजन किया।

राम वन पथगमन सीतामढ़ी धाम में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि राम वन पथ गमन सीतामढ़ी धाम पवित्र और अति महत्वपूर्ण स्थान है। यहां त्रेतायुग में भगवान श्री राम बनवास के दौरान विश्राम किया था, यह सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि अयोध्या, बनारस, काशी,उज्जैन आदि धामों को जन सहयोग से ही भव्य स्वरूप बनाया गया है। शहडोल जिले के राम वन पथगमन सीतामढ़ी धाम को भी जन सहयोग से भव्य स्वरूप बनाने का कार्य किया जाए। सरकार विकास के साथ विरासत को भी संरक्षित करने के कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विज्ञान के इस युग में भी हमारा समाज अपनी जड़ों से जुड़ा हुआ है और अध्यात्म के महत्व को समझता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री शरद कोल ने कहा कि राम वन पथगमन सीतामढ़ी धाम के विकसित होने से शहडोल जिले को एक नई पहचान मिलेगी। यह धाम गांव के नागरिकों के आस्था का प्रतीक है। उहोंने कहा कि श्रीराम जी के अवशेषों को संरक्षित किया जाएगा, जो अन्य जिलों, प्रदेशों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए के लिए आस्था का केन्द्र होगा। उन्होंने कहा कि हमें पुरानी संस्कृतियों और परंपराओं को नहीं भूलना चाहिए। हमें आधुनिक युग एवं प्राचीन युग दोनों का समन्वय बनाकर विकास का मॉडल अपनाना होगा ।

कार्यकम को पूर्व अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत जयसिंहनगर श्रीमती रक्षा सिंह ने भी संबोधित किया।

## करणी सेना द्वारा मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया ज्ञापन



**सीधी।** सीधी जिला मुख्यालय में कलेक्ट्रेक्ट में करणी सेना परिवार (टीम जीवन सिंह शेरपुर) के द्वारा हरदा में करणी सैनिकों और राजपूत छात्रावास की कन्याओ पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्ण लाठीचार्ज के विरोध में एवं निष्पक्ष जांच के विषय मे जिलाध्यक्ष जीवेंद्र सिंह चंदेल (शिब्बू) द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे विशेष रूप से सम्मिलित हुए ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, प्रवीण सिंह, दिलीप सिंह, संदीप सिंह, प्रदीप गिरी, शान बहादुर, विनय जी, अभिषेक सिंह।

करणी सेना परिवार, समस्त राजपूत संगठन व सर्व समाज संघठन के साथ मिलकर हरदा प्रकरण पर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर महोदय को ज्ञापन प्रस्तुत किया और न्याय की मांग की।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

# खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**सीधी**

उपसंचालक कृषि संजय श्रीवास्तव ने जानकारी देकर बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत मौसम, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से यदि किसानों की फसल खराब होती है तो इस स्थिति में फसल को होने वाले नुकसान की छतिपूर्ति की जाती है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत समस्त ऋणी व अऋणी किसान 31 जुलाई 2025 तक फसलों का बीमा करा सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पटवारी हल्का स्तर पर अरहर, मक्का एवं धान, तहसील स्तर पर तिल, ज्वार एवं कोदो कुटकी तथा जिला स्तर पर उड़द एवं मूंग फसलों को अधिसूचित किया गया है। किसानों के लिए खरीफ मौसम में प्रीमियम दर अनाज, तिलहन, दलहन सभी फसलों के लिए बीमित राशि का 2 प्रतिशत या वास्तविक दर जो भी कम हो देय होगी। उप संचालक कृषि श्री श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत धान सिंचित फसल की बीमाधन राशि प्रति हेक्टेयर 42 हजार 900 रुपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 858 रुपये है, धान असिंचित फसल की प्रति हेक्टेयर बीमाधन राशि 32 हजार 400 रुपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 648 रुपये है। अरहर फसल की प्रति हेक्टेयर बीमाधन राशि 30 हजार 600 रुपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 612 रुपये है, मक्का फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 31 हजार 350 रूपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 627 रूपये है मूंग फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 24 हजार 100 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 482 रूपये हैं उड़द फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 23 हजार 50 रूपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 461 रूपये हैं तिल फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 24 हजार 780 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 495.60 रूपये हैं ज्वार फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 23 हजार 923 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 478.46 रूपये है, कोदो कुटकी फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 15 हजार 803 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 316.06 रूपये है प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसल बीमा करवाने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 है।

अऋणी कृषक (अल्पकालिक फसल ऋण न लेने बाले कृषक) अपनी फसलों का बीमा अपनी नजदीकी बैंक/शाखा जहाँ कृषक का बैक खाता है के माध्यम से नजदीकी सी.एस.सी सेन्टर के द्वारा करा सकते हैं, या फिर क्राप इंश्योरेंस एप को किसान भाई गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर स्वयं भी कर सकते हैं।

## संपादकीय

# हितों की बात करे भारत

रूस के साथ व्यापार को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर चल रही बातचीत में अड़चन पैदा कर सकती है। यूक्रेन युद्ध रुकवाने में नाकाम रहे ट्रंप अब दूसरे जरियों से मॉस्को पर दबाव बनाना चाहते हैं। हालांकि इसमें सफलता की गारंटी नहीं और इससे दुनिया में नया तनाव पैदा हो सकता है। ट्रंप ने युद्ध खत्म करने के लिए रूस को 50 दिनों की मोहलत दी है, और यही डेडलाइन उन्होंने उन देशों के लिए रखी है, जो रूस से तेल समेत दूसरे सामान खरीदते हैं। अमेरिका की धमकी है कि इसके बाद इन देशों पर 100त्न टैरिफ लगाया जाएगा। यही बात नैटो महासचिव मार्क रूट भी दोहरा रहे हैं, बल्कि उन्होंने तो सीधे-सीधे भारत , चीन और ब्राजील का नाम लिया कि इन देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन से शांति के लिए बात करनी चाहिए। कुछ वक्त पहले तक ट्रंप इस बात पर डटे थे कि किसी भी सूरत में यूक्रेन युद्ध रुकना चाहिए। लेकिन, जब उनका दबाव रूस पर कारगर नहीं हुआ, तो उन्होंने रणनीति बदल दी। अब वह यूक्रेन को हथियार सप्लाई करने के लिए तैयार हैं और पूछ भी रहे हैं कि क्या रूस पर हमला कर लोगे? अमेरिका और दूसरे पश्चिमी देश चाहते हैं कि रूस को झुकाने में बाकी दुनिया भी उसका साथ दे - खासकर भारत और चीन। साल 2022 में, जब से यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, अमेरिका की यही कोशिश है। पहले भी उसने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर सवाल उठाए थे और यहां से उसे इसका माकूल जवाब भी मिला था कि दुनिया के हर हिस्से के अपने-अपने हित होते हैं। साल 2024-25 में भारत और रूस के बीच 68.7 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था। इसमें सबसे ज्यादा फोकस में रहा तेल। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के पहले तक देश की ज्यादातर तेल जरूरत मिडल ईस्ट से पूरी होती थी और तब रूस से केवल एक फीसदी क्रूड ऑयल ही आता था। आज यह हिस्सा एक तिहाई से ज्यादा है। मई में भारत ने रूस से हर दिन करीब 20 लाख बैरल तेल मंगाया था। इस व्यापार के पीछे साधारण-सा लॉजिक है, बचत। हर रिश्ते को मुनाफे में तौलने वाले ट्रंप भारत-रूस संबंधों को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। उनके दबाव बनाने के पीछे एक वजह ब्रिक्स भी है, जिसकी सक्रियता उन्हें पसंद नहीं आ रही। भारत को इस मामले में अमेरिका के सामने अपना पक्ष मजबूती से रखना चाहिए, जिसे पिछली बाइडन सरकार ने समझा भी था।

***ऐसा इसलिए कि वैश्विक कूटनीति में सभी देश अपना-अपना हित देख रहे हैं। इधर भारत के विश्वव्यापी कूटनीतिक प्रभावों से अमेरिका-यूरोप व अमेरिका-अरब देशों में जो रणनीतिक व कारोबारी खटास की नींव पड़ी है, अरब देशों में अमेरिकी चौधराहट को जो तगड़ा धक्का लगा है, उससे अमेरिका बौखलाया हुआ है। कहाँ वह भारत को अपने पाले में करके पहले चीन को सबक सिखाता और फिर पाकिस्तान के कंधे पर बंदूक रखकर भारत को कमजोर करता। लेकिन भारत के चतुर मोदी प्रशासन ने रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद रूस से पुरानी दोस्ती का हवाला देते हुए जो वफादारी दिखाई, उससे अमेरिकी शतरंज की चाल बिखर गई और उसके हथियार निर्माता कम्पनियों के तमाम अरमानों पर पानी फिर गया।***

# भारत की प्रगति पर ब्रेक के बाद उठती अमेरिकी खींझ के वैश्विक कूटनीतिक मायने को ऐसे समझिए

**(कमलेश पांडे)**

अमेरिका को गलतफहमी है कि अमेरिका-यूरोप का सहयोग लेकर भारत भी चीन की तरह आशातीत प्रगति कर चुका है और जब तक ये दोनों देश रूस के साथ मित्रता रखेंगे, तब तक नाटो देशों की वैश्विक बादशाहत को रूस, भारत, ईरान जैसे देशों से चुनौती मिलती रहेगी।

आपने 'रस्सी जल गई, ऐंठन नहीं टूटी' वाली कहावत सुनी होगी। यही हालात आज दुनिया के थानेदार अमेरिका की है। एक ओर रूस के दृढ़ निश्चय से यूक्रेन में नाटो देश यानी अमेरिका-यूरोप की खुराफात बुरी तरह से पिट चुकी है। वहीं, दूसरी ओर पाकिस्तान पर भारत के दमदार पलटवार और इजरायल पर ईरान के अप्रत्याशित पलटवार से अमेरिकी वैश्विक बादशाहत को करारा तमाचा लगा है। इन घटनाओं से साफ है कि अमेरिकी और यूरोपीय पश्चिमी देश अब अपराजेय नहीं रहे, बल्कि उनकी फूट डालो और शासन करो की नीति को एशियाई और अफ्रीकी देश भांप चुके हैं।

इधर पूर्वी देशों में चीनी जिद्द से रूस (सोवियत संघ के जनक) और भारत की अमेरिका विरोधी नीति सफल नहीं हो पा रही है, क्योंकि भारत विरोधी पाकिस्तान से अमेरिका के अलावा अब चीन भी प्रेम करने लगा है। इससे उत्तर कोरिया भी भारत के साथ खुलकर मैदान में नहीं आ पा रहा है, जबकि वह चीन और रूस का मित्र है। दो टूक शब्दों में कहा जाए तो रूस अब अमेरिकी और यूरोपीय देशों को करारा जवाब दे सकता है, भारत से दिलवा सकता है, लेकिन चीन के पाकिस्तान प्रेम और भारत से रणनीतिक शत्रुतापूर्ण प्रतिस्पर्धा से एशियाई देशों में अभी भी अमेरिकी-यूरोपीय दाल गल रही है।

ऐसा इसलिए कि वैश्विक कूटनीति में सभी देश अपना-अपना हित देख रहे हैं। इधर भारत के विश्वव्यापी कूटनीतिक प्रभावों से अमेरिका-यूरोप व अमेरिका-अरब देशों में जो रणनीतिक व कारोबारी खटास की नींव पड़ी है, अरब देशों में अमेरिकी चौधराहट को जो तगड़ा धक्का लगा है, उससे अमेरिका बौखलाया हुआ है। कहाँ वह भारत को अपने पाले में करके पहले चीन को सबक सिखाता और फिर पाकिस्तान के कंधे पर बंदूक रखकर भारत को कमजोर करता। लेकिन भारत के चतुर मोदी प्रशासन ने रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद रूस से पुरानी दोस्ती का हवाला देते हुए जो वफादारी दिखाई, उससे अमेरिकी शतरंज की चाल बिखर गई और उसके हथियार निर्माता कम्पनियों के तमाम अरमानों पर पानी फिर गया।

ऐसा इसलिए कि भारत के प्रशासन ने सूझबूझ के साथ कदम बढ़ाते हुए अमेरिकी, रूसी, चीनी, यूरोपीय, अरब, अफ्रीकी, ऑस्ट्रेलियाई और दक्षिण अमेरिकी और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ जो व्यवहारिक और गिव एंड टेक भरे कदम उठाए, उससे जहां एक ओर रूस-भारत के सम्बन्धों को मजबूती मिली, वहीं अमेरिका और उसके कारोबारी पार्टनर चीन (अब प्रतिस्पर्धी देश) की आर्थिक गतिविधियों और सैन्य रणनीतियों को करारा जवाब मिला। इसी के बदौलत जहां अफगानिस्तान से भारत के रिश्ते पटरी पर लौटे, वहीं इजरायल से मित्रता के बावजूद ईरान से सम्बन्ध खराब नहीं हुए। इन्हीं सब बातों को लेकर अमेरिका बौखलाया हुआ है।

दरअसल, अमेरिका को गलतफहमी है कि अमेरिका-यूरोप का सहयोग लेकर भारत भी चीन की तरह आशातीत प्रगति कर चुका है और जब तक ये दोनों देश रूस के साथ मित्रता रखेंगे, तब तक नाटो देशों की वैश्विक बादशाहत को रूस, भारत, ईरान जैसे देशों से चुनौती मिलती रहेगी। यही वजह है कि रूस के साथ व्यापार को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हालिया चेतावनी भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर चल रही बातचीत में अड़चन पैदा कर सकती है। ऐसा इसलिए कि यूक्रेन युद्ध रुकवाने में नाकाम रहे डोनाल्ड ट्रंप अब दूसरे जरियों से मॉस्को पर दबाव बनाना चाहते हैं। हालांकि इसमें सफलता की गारंटी लेशमात्र भी नहीं है और इससे दुनिया में नया तनाव पैदा हो सकता है।



देखा जाए तो ट्रंप ने युद्ध खत्म करने के लिए रूस को और 50 दिनों की मोहलत दी है, और यही डेडलाइन उन्होंने उन देशों के लिए रखी है, जो रूस से तेल समेत दूसरे सामान खरीदते हैं। यानी भारत और चीन, जिनके मतलबी सम्बन्ध रूस और अमेरिका दोनों से हैं। यही वजह है कि अमेरिका की नई धमकी है कि इसके बाद इन देशों पर शत (100) प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। उधर, यही बात नैटो महासचिव मार्क रूट भी दोहरा रहे हैं। उन्होंने तो सीधे-सीधे भारत, चीन और ब्राजील का नाम लिया कि इन देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से शांति के लिए बात करनी चाहिए। क्योंकि ये देश ही रूस से तेल खरीदते हैं।

बताया जाता है कि कुछ वक्त पहले तक ट्रंप इस बात पर डटे थे कि किसी भी सूरत में यूक्रेन युद्ध रुकना चाहिए। लेकिन, जब उनका दबाव रूस पर कारगर नहीं हुआ, तो उन्होंने अपनी चुगलखोर रणनीति बदल दी। अब वह यूक्रेन को हथियार सप्लाई करने के लिए तैयार हैं और पूछ भी रहे हैं कि क्या रूस पर हमला कर लोगे? ऐसा इसलिए कि अमेरिकी और दूसरे पश्चिमी देश चाहते हैं कि रूस को झुकाने में बाकी दुनिया भी उसका साथ दे- खासकर भारत और चीन।

उल्लेखनीय है कि साल 2022 में, जब से रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, तब से अमेरिका की यही कोशिश है। पहले भी उसने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर सवाल उठाए थे और यहां से उसे इसका माकूल जवाब भी मिला था कि दुनिया के हर हिस्से के अपने-अपने हित होते हैं और इस पर यदि अपनी अपनी न चलाई जाए, तो यही सबके हित में बेहतर है। अमेरिका-यूरोप जो काम खुद करते हैं, वही करने के लिए पूरब के देशों को रोकते हैं, ताकि उनकी वैश्विक बादशाहत को रूसी-चीनी-भारतीय चुनौती कभी नहीं मिले। इसके लिये पाकिस्तान, अरब देश और ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान आदि उनके मोहरे हैं।

जहां तक तेल का व्यापार का सवाल है तो साल 2024-25 में भारत और रूस के बीच 68.7 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था। इसमें सबसे ज्यादा फोकस में रहा तेल। जबकि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के पहले तक देश की ज्यादातर तेल जरूरत मिडल ईस्ट से पूरी होती थी और तब रूस से केवल एक फीसदी क्रूड ऑयल ही आता था। लेकिन आज यह हिस्सा एक तिहाई से ज्यादा है। मई 2025 में भारत ने रूस से हर दिन करीब 20 लाख बैरल तेल मंगाया था। इस व्यापार के पीछे साधारण-सा लॉजिक है, बचत। इसलिए भारत अमेरिका के समक्ष अपनी बात मजबूती से रखता है।

कहना न होगा कि हर द्विपक्षीय वैश्विक रिश्ते को मुनाफे में तौलने वाले कारोबारी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत-रूस संबंधों को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। वाकई उनके दबाव बनाने के पीछे एक वजह ब्रिक्स नामक वैश्विक संगठन भी है, जिसकी सक्रियता उन्हें पसंद नहीं आ रही। क्योंकि इससे जी-7 देशों को चुनौती मिलती है। इसलिए भारत को इस मामले में अमेरिका के सामने अपना पक्ष मजबूती से रखना चाहिए, जिसे पिछली बाइडन सरकार ने समझा भी था। एक तरफ तो डोनाल्ड ट्रंप रूस को जी-7 में शामिल करके जी-8 और चीन को शामिल करके जी-9 बनाना चाहते हैं, लेकिन दुनिया की तीसरी बड़ी सैन्य शक्ति और चौथी बड़ी आर्थिक शक्ति भारत को पीछे धकेलना चाहते हैं, जिससे भारत का कुछ नहीं बिगड़ेगा, लेकिन अमेरिकी वैश्विक चौधराहट धीरे धीरे चीन द्वारा खत्म कर दी जाएगी। शुरुआत हो चुकी है।

इसलिए भारत की आशातीत प्रगति पर ब्रेक के बाद उठती अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की खींझ के वैश्विक कूटनीतिक मायने स्पष्ट हैं। भारत को अपने गुटनिरपेक्ष पथ पर अडिग रहना चाहिए। वह ग्लोबल साउथ को साधकर एक साथ अमेरिकी-चीनी चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम है। कभी बात-बात में युद्ध छेड़-छिड़वा देने वाला अमेरिका इसलिए चन्द्रायण व्रत कर लिया है, क्योंकि पहले वियतनाम में, फिर लीबिया, में, ततपश्चात अफगानिस्तान में जिस तरह से वह अपने मिशन में फेल हुआ, उससे इराकी सफलता और सीरियाई विफलता ने और अधिक दुःखदाई बना दिया। इसलिए अब अमेरिका खुद युद्ध नहीं करेगा, बल्कि यूक्रेन, इजरायल, पाकिस्तान आदि की पीठ पर हाथ रखकर करवाएगा। भारत इसे समझता है। इसलिए वह अमेरिकी जाल में नहीं फंसा, बल्कि चिड़ियों की तरह अमेरिकी जाल ही ले उड़ा, जिसे रूसी चूहे कुतर रहे हैं! शिकारी अमेरिका मन मसोसकर पाकिस्तान की शरण में शरणागत बना बैठा है। उसपर चीन का जो शिकंजा है सो अलग। लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# वैश्विक मंच पर चमकती हिन्दी और क्षेत्रीय राजनीति की कुंठा

**(योगेश कुमार गोयल)**

विश्व में लगभग 6900 भाषाएं बोली जाती हैं, जिनमें से 35 से 40 प्रतिशत भाषाएं आज अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही हैं। इसके विपरीत हिन्दी अब दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा बन चुकी है।

हिन्दी केवल एक भाषा नहीं बल्कि भारत की आत्मा, चेतना, अस्मिता और स्वाभिमान की प्रतीक है। यह भारतीय संस्कृति की वह अदृश्य डोर है, जो देश के कोने-कोने को जोड़ती है। दुर्भाग्यवश हिन्दी जब अपनी वैश्विक उड़ान भर रही है, उसी समय देश के भीतर कुछ क्षेत्रीय राजनीतिक स्वार्थों के कारण हिन्दी का विरोध हो रहा है। खासकर महाराष्ट्र जैसे राज्य में, जहां मुंबई में हिन्दी फिल्मों का केंद्र है, वहां हिन्दी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, नारेबाजी और हिन्दी बोलने वालों पर हमले की घटनाएं चिंताजनक हैं। यह विडंबना ही है कि एक ओर जहां दुनिया हिन्दी को सम्मान दे रही है, वहीं भारत में कुछ शक्तियां इसे राजनीतिक हथियार बना रही हैं।

यह सच है कि भारत में विविध भाषाओं और बोलियों का समृद्ध संसार है। संविधान 18वीं अनुसूची में 22 भाषाओं को मान्यता देता है। इनमें से हर भाषा का सम्मान और संरक्षण आवश्यक है लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जनसंख्या द्वारा बोली जाने वाली हिन्दी के खिलाफ वैमनस्य फैलाया जाए। हिन्दी को थोपे जाने की राजनीति और विरोध दोनों ही गलत हैं। भाषा का विकास संवाद और सहमति से होता है, न कि टकराव से। आज जब हिन्दी आर्थिक, तकनीकी, सांस्कृतिक और साहित्यिक रूप से दुनिया में भारत की पहचान बन रही है, तब इसे विरोध का विषय बनाना केवल संकीर्ण राजनीति का परिचायक है। दुनियाभर में आज जब अपनी-अपनी भाषाओं को लेकर चिंता बढ़ रही है, ऐसे समय में हिन्दी न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता की नई ऊंचाइयों को छू रही है। एक ओर जहां सैंकड़ों भाषाएं लुप्त होने के कगार पर हैं, वहीं हिन्दी वैश्विक मंच पर तेजी से उभर रही है, जिसे लेकर हर भारतवासी को गर्व होना चाहिए।

विश्व में लगभग 6900 भाषाएं बोली जाती हैं, जिनमें से 35 से 40 प्रतिशत भाषाएं आज अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही हैं। इसके विपरीत हिन्दी अब दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा बन चुकी है। 'एथ्नोलॉग' की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, हिन्दी के 61.5 करोड़ मूल वक्ता हैं। यह आंकड़ा भाषा के प्रसार और



इसकी प्रभावशीलता का प्रमाण है। मन्दारिन और अंग्रेजी के बाद हिन्दी की यह स्थिति केवल आंकड़ों की बात नहीं है बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक शक्ति का वैश्विक स्वीकार भी है। वर्षों से हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र के मंच पर लाने के प्रयास किए जाते रहे हैं। जून 2022 में जब संयुक्त राष्ट्र ने हिन्दी, उर्दू और बांग्ला में जानकारी उपलब्ध कराने की पहल की तो यह हिन्दी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था। इससे स्पष्ट हुआ था कि वैश्विक संस्थाएं अब भारतीय भाषाओं की उपेक्षा नहीं कर सकती।

दुनिया के 50 से अधिक देशों में 150 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिन्दी एक विषय के रूप में पढ़ाई जाती है। अमेरिका, जर्मनी, रूस, फ्रांस, जापान, पोलैंड, नेपाल, फिजी, मॉरीशस जैसे देशों में हिन्दी के अध्ययन और शोध को लेकर विशेष रुचि देखी जा रही है। यूजीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में भारत में हिन्दी सीखने आने वाले विदेशी विद्यार्थियों की संख्या में 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित फिजी में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। वहां फिजी हिन्दी महापरिषद जैसी संस्थाएं हिन्दी के प्रचार-प्रसार में सक्रिय हैं। मॉरीशस में 2002 में स्थापित विश्व हिन्दी सचिवालय हिन्दी भाषा के अंतर्राष्ट्रीय प्रसार का सशक्त मंच बना हुआ है। यहां से विश्व हिन्दी पत्रिका और विश्व हिन्दी समाचार जैसे प्रकाशनों के जरिए हिन्दी की वैश्विक उपस्थिति मजबूत की जा रही है। रूस में भी हिन्दी साहित्य का प्रभाव गहराता जा रहा है। अनेक रूसी विद्वान तुलसीदास, प्रेमचंद, माखनलाल चतुर्वेदी, महादेवी वर्मा जैसे भारतीय लेखकों के साहित्य का रूसी में अनुवाद कर रहे हैं। रूस के कई विश्वविद्यालयों में हिन्दी भाषा और साहित्य का व्यापक अध्ययन होता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि साहित्यिक दृष्टि से भी हिन्दी की जड़ें वैश्विक धरातल पर गहरी हो रही हैं।

हिन्दी को ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने भी सम्मान दिया है। 'बच्चा', 'अच्छा', 'दादागिरी', 'पंडित', 'जुगाड़', 'गुलाब जामुन' जैसे अनेक हिन्दी शब्द अब इस प्रतिष्ठित शब्दकोश का हिस्सा बन चुके हैं। यह उस सांस्कृतिक प्रभाव की मान्यता है, जो हिन्दी शब्दों के जरिए दुनिया में फैल रहा है। अमेरिका की 'ग्लोबल लैंग्वेज मॉनीटर' संस्था हिन्दी की शब्दसंपदा को समृद्ध बता चुकी है। एक अनुमान के अनुसार हिन्दी में 1.25 लाख से अधिक शब्द हैं। वहीं, अमेरिका की 2023 की जनगणना रिपोर्ट बताती है कि वहां हिन्दी बोलने वालों की संख्या 10 लाख से अधिक हो चुकी है। 2011 की तुलना में यह वृद्धि अभूतपूर्व है। बॉलीवुड और भारतीय सिनेमा ने भी हिन्दी के वैश्विक विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिन्दी फिल्मों की लोकप्रियता आज अमेरिका, इंग्लैंड, यूएई, सिंगापुर, मलेशिया, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, तुर्की तक फैली है। कई देशों में हिन्दी फिल्मों के रेडियो चौनल, टीवी चैनल, फिल्म समारोह और लाइव शो आयोजित किए जाते हैं, जो हिन्दी को सांस्कृतिक राजदूत के रूप में प्रस्तुत करते हैं।

हिन्दी की लोकप्रियता को सोशल मीडिया ने भी एक नई ऊंचाई दी है। यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक और एक्स पर हिन्दी सामग्री का विस्तार प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। 2024 की एक रिपोर्ट बताती है कि हिन्दी इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 20 करोड़ पार कर चुकी है। गूगल के अनुसार, हिन्दी कंटेंट की वार्षिक वृद्धि दर 94 प्रतिशत है जबकि अंग्रेजी की घटती जा रही है। अब ई-कॉमर्स और तकनीक की दुनिया में भी हिन्दी एक मजबूत बाजार भाषा बन चुकी है। अमेजन, फ्लिपकार्ट जैसी दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनियां भी अब हिन्दी में सेवाएं दे रही हैं। डेलॉइट की 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 65 प्रतिशत ऑनलाइन उपभोक्ता अब हिन्दी या अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में जानकारी लेना पसंद करते हैं।

## वर्ग पहेली 5796



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. इस क्रांतिकारी को भगतसिंह के साथ फांसी पर चढ़ाया गया था (4)
4. पृथ्वी के ऊपर की सतह (3)
6. कथन, दो या अधिक व्यक्तियों के बीच वार्तालाप (4)
8. अपना मतलब निकालने वाला, कुशल, चालाक (3)
9. किसी नगर या कस्बे में पहुंचने का प्रवेश स्थल (2)
10. किसी बड़े स्थान को घेरने के लिए लगया गया तंबू (4)
11. तलाश करने के किया जाने वाला प्रयत्न (3)
13. बेटी के बेटे को यह कहते है (2)
15. शिकस्त, पराजय, माता का अपभ्रंश (2)
16. धूल आदि साफ करने के लिए उपयुक्त होने वाली वस्तु (3)
17. बुलावा, उपस्थित होने के लिए जोर से बुलावा (3)
18. स्त्री जाति का प्राणी (2)
19. सख्त होने का भाव (2)
20. आसान, सरल, सामान्य, साधारण (3)

**ऊपर से नीचे**

1. संत तुलसीदास की प्रसिद्ध धार्मिक कृति (8)
2. उद्गार, धूल, गर्द (3)
3. ऋतु का अपभ्रंश (2)
4. बीता हुआ, अतीत, पिशाच, प्रेत (2)
5. छोटी लता को यह कहा जाता है (3)
7. मुख्यमंत्री (अंग्रेजी)(6)
9. सनिश्चय नहीं, बिल्कुल नहीं (3)
12. पद प्रहार, ठोकर, पदाघात (2)
14. तीर से लक्ष्य को भेद करने वाला (4)
16. यह सेनेगल देश की राजधानी है, उर्ध्ववायु (3)
18. तीस दिनों का समय, मास (2)

**वर्ग पहेली 5795 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व | छ | भ | भा | ई | प | टे | ल |
| सी | | न | न | | ह | ल | क |
| य | म | क | | को | ला | र | |
| त | ला | | श | शि | | | आ |
| ना | वा | ब | | श | ह | ना | ई |
| मा | | द | म | | म | ना | ना |
| | आ | ल | म | आ | रा | | |
| जा | ग | ना | | न | ज | रा | ना |

# सावन के भूलकर भी न करें इन 5 चीजों का दान, हो सकता है नुकसान

**(आयुषी त्यागी)**

सावन के महीने में पूजा-पाठ और दान का विशेष महत्व है, जिससे सुख-समृद्धि आती है। हालांकि, सावन के महीने में कुछ चीजों का दान करना बिल्कुल वर्जित है। इन चीजों का दान करने से आर्थिक तंगी और चंद्रमा कमजोर होने की संभावना रहती है। आइए जानते हैं कौनसी 5 चीजों का दान नहीं करना चाहिए।सावन के महीने में आप जितना पूजा पाठ करते हैं उसका आपको उतना ही फल मिलता है। साथ ही जीवन में सुख समृद्धि आती है। वहीं, सावन के महीने में दान पुण्य करने से घर परिवार में सुख शांति बनी रहती है। शास्त्रों में बताया गया है कि साथ ही सावन के महीने में आप जितना दान पुण्य करते हैं आपको उसका ही फल मिलेगा। हालांकि, शास्त्रों में दान पुण्य के भी नियम बताए गए हैं। शास्त्रों के अनुसार, सावन के महीने में कुछ चीजों का दान भूलकर भी नहीं करना चाहिए। यदि आप इन चीजों का दान करते हैं तो आपको उसे दान पुण्य का पूरा फल नहीं मिल पाएगा।

**सावन में न करे नमक का दान** – सावन के महीने में भूलकर भी नमक का दान नहीं करना चाहिए। शास्त्रों में नमक का संबंध राहु से माना गया है। इसलिए सावन के महीने में नमक का दान न करें। ऐसा करने से आपको आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है।

**भगवान शिव की मूर्ति न दे** – सावन के महीने में भगवान शिव की मूर्ति किसी को भी जान में न दें। आप चाहें तो अपने घर में नई मूर्ति लाकर रख सकते हैं और उसकी पूजा कर सकते हैं लेकिन, कहीं भी दान आदि न करें। शिवजी की मूर्ति को किसी को भी गिफ्ट में या दान में नहीं देना चाहिए। हालांकि, आप चाहें तो आप मंदिर में शिवलिंग की स्थापना कर सकते हैं।

**सावन में न करें शीशे का दान** – सावन के महीने में शीशे या शीशे से बनी चीजों का दान नहीं करना चाहिए। इसी के साथ एलिमुनियम से बनी चीजों का दान भी सावन में नहीं करना चाहिए। क्योंकि, इनका संबंध भी राहु से ही माना जाता है।

**सावन में न करें चांदी की चीज का दान** – सावन के महीने में चांदी की चीजों का दान नहीं करना चाहिए। क्योंकि, अगर कोई व्यक्ति चांदी की चीजों का दान करता है तो उसका चंद्रमा कमजोर होता है। जबकि चंद्रमा धारण करने से व्यक्ति की कुंडली में चंद्रमा मजबूत होता है।

**सावन में न करें पुराने वस्त्रों का दान** – सावन के महीने में नए वस्त्रों का दान करना उत्तम माना गया है। इस महीने में नए वस्त्र का दान करें। लेकिन, भूलकर भी पुराने वस्त्रों का दान न करें। वरना आपको आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ सकता है।

# आज का राशिफल

**मेष**
आज दिन अच्छा रहने वाला है। संतान पक्ष को लेकर मन में कोई समस्या या चिंता बनी हुई थी तो अब उनका समाधान हो सकता है। इससे मानसिक तनाव भी कम होगा। लेकिन कार्यक्षेत्र में आपको शाम के समय कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**वृष**
आज फिजूलखर्ची से दूर रहना होगा। अनावश्यक चीजों पर खर्च करने से भविष्य में पैसों की तंगी हो सकती है। साथ ही, कार्यक्षेत्र और आस पड़ोस में चल रहे वाद-विवादों से भी दूरी बनाकर रखें। व्यापार के मामले में शुभ निवेश होने से आपकी कीर्ति में बढ़ोतरी होगी।

**मिथुन**
आज अंतर्विरोध की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपका काम आपके अनुसार होने में बाधाएं उत्पन्न हो सकते हैं। समय आपके अनुकूल नहीं रहेगा। ऐसे में आज कोई भी जरूरी फैसला लेने से बचें।

**कर्क**
आज समाज में मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यस्थल पर शत्रुओं का मनोबल कम होगा। आपकी मुलाकात कुछ अच्छे और गुणी लोगों से हो सकती है। इससे मन प्रसन्न रहेगा। व्यवसाय में सहकर्मियों के चलते अच्छा वातावरण बना रहेगा।

**सिंह**
आज दशम भाव में मिथुन राशि का गुरु व्यापार के मामले में आपके शुभ निवेश और कीर्ति में बढ़ोतरी करने वाला रहेगा। आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और धन लाभ के भी अच्छे योग बनेंगे।

**कन्या**
आज परिवार के मामले में संतान से जुड़ी कोई चिंता आपको परेशान कर सकती है। लेकिन आपको व्यवसाय में लाभ मिलने के भी अच्छे योग बन रहे हैं और पत्नी का भी पूरा सहयोग प्राप्त होगा। इससे आपके मनोबल में वृद्धि होगी।

**तुला**
आज चंद्रमा के होने से आपको अचानक कहीं से बड़ी मात्रा में आर्थिक लाभ हो सकता है। अगर आप प्रियजनों से कोई सहायता चाहते थे तो उनका आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा। शाम के समय तक आपको किसी मंगल कार्य में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक**
आज आपको आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। लेकिन लाभ से ज्यादा खर्चे बढ़ सकते हैं, जिसके चलते आपको समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। कार्यस्थल पर विरोधी आप पर हावी होने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे में आपको सावधान रहने की अधिक जरूरत होगी।

**धनु**
आज आर्थिक लाभ मिलने की संभावनाएं ज्यादा है। कार्यस्थल पर आपकी मुलाकात कुछ अच्छे और गुणी लोगों से हो सकती है। इनके सहयोग से अधिकारी आपके पक्ष में आने लगेंगे। कुछ बढ़िया और नए रास्तों से आपको आमदनी मिलेगी।

**मकर**
आज सहयोगियों के साथ किसी बात को लेकर मनमुटाव की स्थिति बन सकती है और परिवार में भी भाई या प्रियजन के साथ किसी बात पर टकराव हो सकता है। इससे आप असहज महसूस करेंगे और मन थोड़ा उदास रहेगा।

**कुंभ**
आज पूरे दिन लाभ कमाने के कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं। लेकिन व्यापार के कुछ भागीदारों की ओर से परेशानी होने की संभावना भी बनी हुई है। ऐसे में किसी पर भी जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें सोच-विचार करके फैसले लें।

**मीन**
आज नौकरी करने वालों के कार्य और अधिकारों में वृद्धि हो सकती है। इससे आपके आसपास के सहयोगियों को थोड़ी ईर्ष्या महसूस हो सकती है। लेकिन आपको कार्यस्थल पर तनाव से बचना होगा और धैर्य के साथ कोई भी काम करना बेहतर रहेगा। इससे शाम के समय तक स्थिति सामान्य होने लगेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मोहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां पर हत्या की कोशिश का केस दर्ज, बेटी अर्शी का भी नाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्टार गेंदबाज मोहम्मद शमी की अलग हो चुकीं पत्नी हसीन जहां नए विवाद में फंसती नजर आ रही हैं। खबरें हैं कि उनके और बेटी अर्शी जहां के खिलाफ हत्या की प्रयास का केस दर्ज कराया गया है। हालांकि, इस पर हसीन की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। उनपर पड़ोसी पर हमला करने के आरोप हैं। एक वीडियो के जरिए ऐसा दावा किया जा रहा है। एक वीडियो के जरिए दावा किया जा रहा है कि हसीन जहां अपने पड़ोसियों से झगड़ा कर रही हैं। वीडियो पश्चिम बंगाल के बीरभूम का बताया जा रहा है। खबरें हैं कि हसीन जहां और उनकी बेटी अर्शी जहां ने एक जमीन विवाद में पड़ोसियों के साथ मारपीट भी की। दावा किया जा रहा है कि हसीन जहां गैर कानूनी ढंग से जमीन पर कब्जा करना चाहती हैं, जिसका पड़ोसी विरोध कर रहे थे। एनसीएमइंडिया की तरफ से एक्स पर वीडियो शेयर किया गया है। इसमें कहा गया है, बीएनएस की धाराओं 126(2), 115(2), 117(2), 109, 351(3) और 3(5) के तहत मोहम्मद शमी की अलग हो चुकीं पत्नी हसीन जहां और उनकी पहली शादी से हुई बेटी अर्शी जहां के खिलाफ पड़ोसी डालिया खातून ने पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के सूरी टाउन में केस दर्ज कराया है। आगे कहा गया, झगड़ा तब शुरू हुआ, जब हसीन जहां ने सूरी के 5 नवंबर वार्ड में विवादित प्लॉट पर निर्माण शुरू किया। यह कथित तौर प उनकी बेटी के नाम पर है। आरोप हैं कि हसीन और उनकी बेटी ने डालिया खातून के साथ बेरहमी से मारपीट की है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी को मंगलवार को निर्देश दिया कि वह अपनी अलग रह रही पत्नी हसीन जहां और बेटी को कानूनी लड़ाई के दौरान हर महीने चार लाख रुपये गुजारा भत्ता दें। जहां ने जिला सत्र अदालत के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया था, जिसमें क्रिकेटर को 2023 में अपनी पत्नी को 50,000 रुपये और अपनी बेटी को 80,000 रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था।

### भाजपा को मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष; 15 अगस्त के बाद हो सकता है ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) स्वतंत्रता दिवस के बाद अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की घोषणा करने की तैयारी में है। यह निर्णय पार्टी के कुछ राज्यों में संगठनात्मक चुनाव पूरे होने के बाद लिया जाएगा। हालांकि, एक खबर यह भी सामने आई थी कि भाजपा और आरएसएस के बीच अभी तक किसी एक नाम पर सहमति नहीं बन सकी है। पार्टी के वैचारिक मार्गदर्शक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भाजपा नेतृत्व को सुझाव दिया है कि ऐसा उम्मीदवार चुना जाए जिसे संगठनात्मक अनुभव हो और जिसकी पार्टी के भीतर निष्पक्ष छवि हो। पार्टी सूत्रों के अनुसार भाजपा ने चार संभावित नामों को प्राथमिकता सूची में शामिल किया है। उनमें पहला नाम सामने आता है ओडिशा से आने वाले धर्मेंद्र प्रधान का, जो कि केंद्र सरकार में मंत्री हैं और उनके पास संगठन में काम करने का लंबा अनुभव है। इस रेस में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव भी शामिल हैं, जिन्हें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का करीबी माना जाता है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और मोदी सरकार में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम की भी चर्चा है, जिनके पास जनाधार से साथ-साथ संगठन मजबूत पकड़ है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की दौड़ में हाल ही में एक और नेता का नाम जुड़ा है। बीडी शर्मा भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और संगठन में उनकी गहरी पैठ मानी जाती है। इन सभी नामों को संगठनात्मक अनुभव और व्यापक स्वीकार्यता के आधार पर चुना गया है।

### यूपी पुलिस के हाथों मारा गया बच्ची से रेप के बाद हत्या का आरोपी, फर्रुखाबाद में एनकाउंटर

**फर्रुखाबाद, एजेंसी।** यूपी में शुक्रवार तड़के पुलिस ने फर्रुखाबाद में बड़ी कार्रवाई करते हुए बच्ची से रेप के बाद हत्या के आरोपी को एनकाउंटर में मार गिराया है। मनु नाम के इस आरोपी पर पुलिस ने 50 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। गोली लगने के बाद पुलिस मनु को इलाज के लिए लोहिया अस्पताल ले गई थी। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची से रेप और हत्या की यह सनसनीखेज वारदात फर्रुखाबाद में पिछले महीने हुई थी। फर्रुखाबाद के कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की बच्ची मोहम्मदाबाद क्षेत्र में अपनी बुआ के घर आई थी । 27 जून को वह गांव के बाहर आम खाने गई थी जहां से एक शातिर ने उसे अगवा कर लिया था और रेप के बाद मार दिया था । बच्ची का शव 28 जून को मैनपुरी जिले के भोगॉव कोतवाली के देवीपुर गांव के खेत में पड़ा पाया गया था। इसमें मेरापुर थाना क्षेत्र के पखना गांव निवासी मनु का नाम सामने आया था कैमरे जो खंगाले गए थे उसमें मनु के पीछे ही बच्ची जाती दिखाई दी थी। इसके बाद से पुलिस की टीम इस शातिर को तलाश रही थी शुक्रवार की भोर पुलिस से मुठभेड़ हो गई इसमें मनु मारा गया । पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में मनु की मौत हुई है उन्होंने बताया कि उस पर इनाम भी घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि एनकाउंटर के दौरान आरोपी जवाबी फायरिंग में घायल हुआ जिसे अस्पताल ले जाया गया था।

# मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का बड़ा ऐलान- हिंदू, बौद्ध और सिखों के अलावा रद्द होंगे सभी के एससी सर्टिफिकेट



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को कहा कि अगर हिंदू, बौद्ध और सिख धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म के व्यक्ति ने अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र हासिल किया है, तो उसे रद्द कर दिया जाएगा। फडणवीस ने विधान परिषद में कहा कि अगर किसी व्यक्ति ने सरकारी नौकरियों जैसे आरक्षण का लाभ हासिल किया है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी व्यक्ति ने अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र का इस्तेमाल करके चुनाव जीता है, तो उसका चुनाव रद्द कर दिया जाएगा। फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार बलपूर्वक या धोखे से किए जा रहे धर्मांतरण से संबंधित मामलों से निपटने के लिए कड़े प्रावधान लाने पर विचार कर रही है और इस संबंध में जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। फडणवीस ने विधान परिषद में एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने ऐसे मामलों से निपटने के संबंध में सिफारिशें देने के लिए पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था और उसने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। उन्होंने कहा कि सरकार अध्ययन करेगी और आवश्यक बदलाव कर ऐसे प्रावधान लाएगी, जिससे बलपूर्वक या धोखे से धर्मांतरण पर लगाम लगे। मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसे मामलों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत कार्रवाई की जा सकती है। लेकिन कड़े प्रावधानों का सुझाव देने के लिए एक पैनल का गठन किया गया है। राज्य सरकार ऐसे मामलों से निपटने के लिए कड़े प्रावधान लाने की मंशा रखती है और हम जल्द ही इस पर फैसला लेंगे। गृह राज्य मंत्री पंकज भोयर ने सोमवार को कहा था कि राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र में धर्मांतरण विरोधी कानून लाया जाएगा और यह अन्य राज्यों के समान कानूनों से ज्यादा सख्त होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अमित गोरखे ने दावा किया कि 'पहचान छिपाने वाले ईसाई' धार्मिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग कर रहे हैं और लोग अनुसूचित जाति श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ उठाते हैं लेकिन दूसरे धर्मों को मानते हैं। उन्होंने कहा कि ऊपरी तौर पर ये लोग अनुसूचित जाति से होते हैं और सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ उठाते हैं, चुनावों के दौरान इसका इस्तेमाल करते हैं लेकिन गुप्त रूप से अलग धर्म का पालन करते हैं। भाजपा नेता और विधान परिषद की निर्दलीय सदस्य चित्रा वाघ ने कहा कि ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां पति ने अपना धर्म छिपाकर धोखे से शादी की। उन्होंने सांगली का एक मामला बताया जहां एक महिला की शादी ऐसे परिवार में कर दी गई, जो गुप्त रूप से ईसाई धर्म का पालन करता था। चित्रा ने यह भी दावा किया कि महिला को प्रताड़ित किया गया और उसे अपना धर्म बदलने के लिए मजबूर किया गया, जिस वजह से सात महीने की गर्भवती महिला ने आत्महत्या कर ली।

फडणवीस ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने धर्म का पालन कर सकता है और अपनी इच्छा से धर्म परिवर्तन कर सकता है लेकिन अगर उन्हें मजबूर किया जाता है, धोखा दिया जाता है या किसी भी तरह का प्रलोभन दिया जाता है तो कानून इसकी अनुमति नहीं देता।

# हिमाचल प्रदेश में नियमित शिक्षकों को बड़ा झटका, दिए गए लाभ वापस लेने के आदेश

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के सैकड़ों नियमित शिक्षकों के लिए बड़ा झटका है। राज्य के शिक्षा निदेशालय ने कोर्ट के आदेश के बाद नियमित शिक्षकों को मिली वरिष्ठता, वेतन वृद्धि, पदोन्नति और टीजीटी स्केल जैसी सुविधाएं तुरंत वापस लेने का आदेश जारी किया है। यह आदेश प्रदेश के सभी डिप्टी डायरेक्टर्स को भेजा गया है। सरकारी कर्मचारियों के भर्ती एवं सेवा की शर्तें अधिनियम, 2024 के लागू होने के बाद ये फैसला लिया गया है। इस संशोषित अधिनियम को हाल ही में प्रदेश विधानसभा में पारित किया गया था। आदेश में कहा गया है कि जिन शिक्षकों की सेवाएं 12 दिसंबर 2003 के बाद कोर्ट के फैसले से नियमित हुई थीं, उन्हें अब शुरू से नियमित नहीं माना जाएगा। अब केवल वही शिक्षक नियमित माने जाएंगे जिन्हें हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारियों की भर्ती एवं सेवा की शर्तें अधिनियम, 2024 (संशोधित 2025) के तहत नियमों के अनुसार नियमित किया गया है। निदेशालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि कोर्ट के एलपीए अंजू देवी बनाम राज्य, एलपीए मंजू देवी बनाम राज्य और अन्य मामलों में आए फैसले के बाद अनुबंध पर नियुक्त शिक्षकों के लिए उनकी नियुक्ति की प्रारंभिक तिथि से ही नियमितीकरण का रास्ता खोल दिया था। इस फैसले से कई शिक्षकों को वरिष्ठता, वेतनवृद्धि और पदोन्नति के लाभ मिले थे। लेकिन अब भर्ती एवं सेवा की शर्तें अधिनियम, 2024 (संशोधित 2025) के लागू होने से ये लाभ रद्द कर दिए गए हैं। आदेश में साफ कहा गया है कि एलटी और शास्त्री वर्ग के जिन शिक्षकों को 2009 से नियमित मानकर टीजीटी स्केल का लाभ दिया गया था, उनके ये लाभ भी वापस लिए जाएंगे। साथ ही भविष्य में भी किसी को इस आधार पर टीजीटी स्केल, वरिष्ठता या अन्य लाभ नहीं दिए जाएंगे। यदि किसी शिक्षक को पहले से ये लाभ दिए जा चुके हैं तो भी उन्हें तुरंत वापस लिया जाएगा। शिक्षा निदेशालय ने सभी अपीलों को खारिज करने और दिए गए लाभ वापस लेने के निर्देश जारी किए हैं। इस आदेश की प्रतिलिपि सचिव (शिक्षा), जिला अटॉर्नी, नोडल ऑफिसर आईटी सेल और अन्य विभागों को भी भेज दी गई है ताकि इसे तुरंत लागू किया जा सके।

# यूपी के शिक्षकों को जल्द मिलेगा प्रमोशन, 15 साल बाद मिलने जा रहा मौका

**प्रयागराज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत एक हजार से अधिक पुरुष शाखा के एलटी ग्रेड (सहायक अध्यापक) शिक्षकों की 15 साल बाद पदोन्नति का रास्ता साफ हो गया है। अपर शिक्षा निदेशक राजकीय अजय कुमार द्विवेदी ने सभी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशकों और जिला विद्यालय निरीक्षकों से सहायक अध्यापकों की 2001 से 2019 तक की अनंतिम ज्येष्ठता सूची में नई आपत्तियां लेने के निर्देश दिए हैं। एलटी ग्रेड शिक्षकों की पदोन्नति 2009 में हुई थी।

उसके बाद 2022 में नौ विषय के 994 शिक्षकों की पदोन्नति हुई लेकिन वरिष्ठता सूची में विवाद के कारण दस विषय के 1031 शिक्षकों की पदोन्नति नहीं हो सकी। उसके बाद शिक्षा निदेशालय ने 16 जून 2022 को जारी अनंतिम ज्येष्ठता सूची में सम्मिलित शिक्षकों के विवरण जैसे जन्मतिथि, गृह जनपद, शैक्षिक अर्हता, कार्यभार ग्रहण की तिथि आदि में त्रुटि होने अथवा ज्येष्ठता सूची में नाम सम्मिलित न होने/नाम छूटे होने के संबंध में प्राप्त प्रत्यावेदनों के परीक्षण के बाद संशोधित ज्येष्ठता सूची जारी की गई थी।

# बिहार में 50 से अधिक सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस, राजद से लगभग बन गई बात



**नई दिल्ली/पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में शामिल प्रमुख दल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत लगभग अंतिम चरण में पहुंच गई है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस जहां 2020 की तरह 70 सीटों की मांग कर रही है, वहीं आरजेडी उसे 50-55 सीटों से ज्यादा देने के पक्ष में नहीं है। हालांकि 58-60 सीटों पर सहमति बनने की संभावना जताई जा रही है। आपको बता दें कि बिहार विधानसभा में कुल 243 सीटें हैं। साल 2020 के चुनाव में महागठबंधन में आरजेडी ने 144, कांग्रेस ने 70, जबकि वामपंथी दलों सीपीआई(एमएल), सीपीआई और सीपीएम ने क्रमशः 19, 6 और 4 सीटों पर चुनाव लड़ा था।

आरजेडी ने 144 में से 75 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। कांग्रेस का स्ट्राइक रेट काफी खराब रहा था। सिर्फ 19 सीटें जीत सकी थी। सीपीआई(एमएल) ने 19 में से 12 सीटें जीतकर सबसे अच्छा स्ट्राइक रेट दर्ज किया था।

इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी एक रिपोर्ट में आरजेडी सूत्रों के हवाले से कहा है कि पार्टी इस बार 135-140 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। एक वरिष्ठ नेता ने कहा, हमने कांग्रेस को समझाने की कोशिश की है कि इस बार अधिक सहयोगियों को साथ लेना है। इसलिए उसे थोड़ी कुर्बानी देनी होगी। महागठबंधन में इस बार मुकेश सहनी की वीआईपी (विकासशील इंसान पार्टी) और पशुपति कुमार पारस की एलजेपी को भी जोड़ा गया है। सहनी 60 सीटों की मांग कर रहे हैं, लेकिन सूत्रों के मुताबिक उन्हें 12 से अधिक सीटें नहीं दी जाएंगी। पारस को 2-3 सीटें मिल सकती हैं। वामपंथी दलों की भी बढ़ी मांग सीपीआई(एमएल) और अन्य वाम दल भी अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इनकी भूमिका सीमांचल और ग्रामीण इलाकों में अहम मानी जा रही है। , आपको बता दें कि वामपंथी दल 2020 में बेहतर प्रदर्शन के साथ उभरे थे और 2024 लोकसभा में दो सीटें भी जीते थे।

**एआईएमआईएम को लेकर सख्त रुख :** महागठबंधन में एआईएमआईएम को शामिल नहीं किया जाएगा। यह तय माना जा रहा है। आरजेडी नेताओं ने स्पष्ट किया कि असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी की धार्मिक ध्रुवीकरण की छवि गठबंधन को राज्य के अन्य हिस्सों में नुकसान पहुंचा सकती है। आरजेडी नेता ने बताया, सीमांचल में भले ही एआईएमआईएममददगार हो, लेकिन बाकी राज्य में उसकी वजह से नुकसान होगा। यही वजह थी कि 2020 में लालू प्रसाद यादव ने एसडीपीआई जैसे संगठनों को भी गठबंधन से बाहर रखा था।

# समलैंगिक जोड़ों के लिए मेडिकल सहमति के अधिकार की मांग, दिल्ली हाई कोर्ट का केंद्र को नोटिस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार को उस याचिका पर नोटिस जारी किया जिसमें समलैंगिक जोड़ों को मेडिकल अभिभावक के रूप में कानूनी मान्यता देने के लिए दिशानिर्देश बनाने का आग्रह किया गया है। इससे समलैंगिक जोड़ों को मेडिकल स्थितियों में एक-दूसरे की ओर से सहमति देने की अनुमति मिल सकेगी। जस्टिस सचिन दत्ता ने याचिका के संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, विधि एवं न्याय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और नेशनल मेडिकल कमीशन से जवाब मांगा।

याचिका अर्शिया टक्कर की ओर से दायर की गई है जो अधिवक्ता मिस चांद चोपड़ा के साथ लंबे समय से समलैंगिक संबंध में हैं। अर्शिया टक्कर और चांद चोपड़ा का जोड़ा जून 2015 से साथ है। दोनों की दिसंबर 2019 में सगाई हुई थी। बता दें कि सुप्रिया चक्रवर्ती एवं अन्य बनाम भारत संघ मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अर्शिया टक्कर और चांद चोपड़ा ने 14 दिसंबर, 2023 को न्यूजीलैंड में कानूनी रूप से विवाह कर लिया था। सर्वोच्च अदालत ने अपने फैसले में समलैंगिक जोड़ों के विवाह करने के मौलिक अधिकार की पुष्टि की थी।

याचिका भारतीय मेडिकल फ्रेमवर्क के भीतर सेम सेक्स विवाह को मान्यता देने की जरूरत पर प्रकाश डालती है। चांद चोपड़ा का परिवार दिल्ली से बाहर या विदेश में रहता है। इससे दोनों को एक दूसरे के लिए मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में मदद करना अव्यावहारिक हो जाता है। मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में उनके साथ रिश्ता होने के बावजूद अर्शिया टक्कर चांद चोपड़ा की मेडिकल प्रतिनिधि के रूप में काम नहीं कर पाती हैं। टक्कर ने दलील दी कि यह भेदभावपूर्ण हैं और संवैधानिक गारंटियों का उल्लंघन है।

नवतेज सिंह जौहर बनाम भारत संघ मामले का हवाला देते हुए वह दलील देती हैं कि लैगिक आधार पर भेदभाव समानता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। याचिका में कहा गया है कि मेडिकल संबंधी निर्णय लेने के अधिकार से वंचित करना अनुच्छेद 19(1)(क) और (ग) का उल्लंघन है। यह अनुच्छेद 21 का भी उल्लंघन करता है जो व्यक्तिगत संबंधों में सम्मान और आजादी के साथ जीने के अधिकार को सुनिश्चित करता है।

# राजस्थान में दवा दुकानों का घोटाला नेटवर्क... आरजीएचएस में फर्जी बिलों से करोड़ों की हेराफेरी



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में सरकारी स्वास्थ्य योजना आरजीएचएस के तहत बड़ा दवा घोटाला सामने आया है। दवाइयों की बिक्री में भारी गड़बड़ी के आरोप में ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट ने प्रदेशभर की 63 मेडिकल दुकानों पर शिकंजा कसते हुए बड़ी कार्रवाई की है। इनमें से 30 दुकानों के लाइसेंस आजीवन रद्द कर दिए गए हैं, जबकि 33 दुकानों के लाइसेंस अस्थाई रूप से सस्पेंड किए गए हैं। जांच में सामने आया कि कई दुकानदारों ने जितनी दवाइयों के बिल पेश किए, वास्तव में उन्होंने उतनी दवाइयां खरीदी ही नहीं थीं। लाखों के फर्जी बिल, बिना खरीदी बेच दी दवाएं! ड्रग कंट्रोलर अजय फाटक ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरजीएचएस योजना के तहत राज्यभर में फर्जी बिलिंग और दवा घोटाले की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। उन्होंने बताया कि कई दुकानदारों ने लाखों रुपए के बिल क्लेम किए, लेकिन वास्तविक खरीद रिकॉर्ड में उनकी खरीद बेहद कम निकली। जांच में यह भी पाया गया कि कुछ दुकानों ने बिलों पर फर्जी फार्मासिस्ट साइन करके उन्हें पेश किया। फाटक ने कहा, इन मेडिकल स्टोर पर जो दवाएं दिखाकर क्लेम किए गए, उनमें से अधिकांश दवाएं स्टॉकिस्ट या कंपनियों से खरीदी ही नहीं गई थीं। साफ है कि यह एक सुनियोजित घोटाला है। जिलों का ब्योराः भरतपुर टॉप पर, जयपुर में भी बड़ी कार्रवाई ड्रग विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, 12 जिलों में यह गड़बड़ी फैली हुई थी। सबसे ज्यादा मामले भरतपुर जिले से सामने आए हैं, जहां 17 मेडिकल दुकानों पर कार्रवाई की गई। वहीं, राजधानी जयपुर में 13, बारां में 3, और नागौर, झुंझुनूं, सीकर, हनुमानगढ़, धौलपुर, दौसा, भीलवाड़ा, अलवर और झालावाड़ की 2 से 5 दुकानों में अनियमितताएं पाई गईं। जांच ऐसे हुईः डीसीओ की टीम ने खंगाले रिकॉर्ड ड्रग कंट्रोलर कार्यालय ने शिकायतों के बाद राज्यभर के ड्रग कंट्रोल ऑफिसर्स को जांच का जिम्मा सौंपा था। इन अफसरों ने संबंधित दुकानों की बिल बुक, स्टॉक रजिस्टर, स्टॉकिस्ट से खरीदी का रिकॉर्ड, फार्मासिस्ट के दस्तावेज और RGHS के क्लेम का मिलान किया।

# गुफा से निकाले जाने पर भड़की रूसी महिला, कहा -सब झूठ है, हमें गंदगी में ले आए



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के गोकर्ण में गुफा में मिली रूसी महिला नीना कुटीना बाहर निकाले जाने से खुश नजर नहीं आ रही हैं। हाल ही में उन्होंने गुफा से बाहर लाए जाने पर आपत्ति जताई है। साथ ही कहा है कि टीवी पर उनके जीवन के बारे में गलत बातें दिखाई जा रही हैं। खास बात है कि नीना के बच्चों के पिता की भी पहचान हो गई है। खबर है कि वह गुरुवार को परिवार से मिलने के लिए तुमकुरु पहुंचे थे।

पीटीआई भाषा से बातचीत में मंगलवार को नीना ने आरोप लगाए थे कि खबरों में उनके जीवन को गलत ढंग से पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा था, टीवी पर जो कुछ भी दिखाया जा रहा है, वह झूठ है। मेरे पास वीडियो और फोटोज हैं, जो दिखाते हैं कि हमारा जीवन पहले कितना साफ और खुशहाल था। उन्होंने बताया था कि वह आर्ट और रूसी साहित्य में प्रशिक्षित हैं और वह खुद ही बच्चों को शिक्षा देती हैं।

मौजूदा स्थिति को लेकर उन्होंने कहा था, हमें अब ऐसी जगह पर रखा गया है, जो आरामदायक नहीं है। यह गंदा है। यहां कोई प्राइवेसी नहीं है और हमें खाने के लिए सिर्फ सादा चावल दिया जा रहा है। 9 महीने पहले गुजरे बेटे की अस्थियों समेत हमारा काफी सामान ले लिया गया है।

**लाइफस्टाइल का किया था बचाव :** इससे पहले वह गुफा में रहने के फैसले का भी बचाव करती नजर आई थीं। उन्होंने कहा था, आप गलत बता रहे हैं। हमें प्रकृति में रहने का बहुत अनुभव है। जंगल में हम मर नहीं रहे थे और मैं अपनी बेटियों को जंगल में मारने के लिए नहीं लाई हूं। उन्हें बुरा नहीं लगता है, वो बहुत खुश हैं, वो झरने में तैरती हैं, उनके पास सोने के लिए बहुत अच्छी जगह है। वह आर्ट, पेंटिंग के बारे में सीखती हैं। हम पेंटिंग करते हैं, हम अच्छा खाते हैं। मैं गैस पर पकाती थी और बहुत ही स्वादिष्ट भोजन बनाती थी।

**मिलने पहुंचे पति :** नीना के पति ड्रोर ने बताया कि वह बेंगलुरु से तीन घंटे की यात्रा कर तुमकुरु पहुंचे थे, लेकिन अधिकारियों ने उन्हें परिवार से नहीं मिलने दिया। उनका कहना है कि एफआरआरओ से हस्ताक्षर कराए हुए दस्तावेज लाने के लिए कहा है।

एएनआई से बातचीत में उन्होंने कहा, मैं अपनी दो बेटियों से मिलने के लिए तुमकुरु आया था। वो वहां रह रही हैं। मैं बेंगलुरु से तीन से घंटे से ज्यादा की यात्रा कर आया और मैं दफ्तर पहुंचा तो वहां मुझे मैनेजर के आने तक इंतजार करने के लिए कहा गया। एक घंटे बाद जब वह आई, तो मुझे बोला कि मैं अंदर नहीं जा सकता। मुझे एफआरआरओ से लिखित में लाना पड़ेगा। उन्होंने एफआरआरओ से बात की और मुझे कहा कि मुझे कल सुबह दफ्तर आकर बात करनी होगी।

## चौथे टेस्ट से पहले मैनचेस्टर में दिखे विराट कोहली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लॉर्ड्स टेस्ट में हार के बाद टीम इंडिया जहां मैनचेस्टर में चौथा टेस्ट जीतने के लिए जोरदार तैयारी कर रही है, वहीं सोशल मीडिया पर विराट कोहली एक बार फिर छा गए हैं. भले ही विराट अब टेस्ट क्रिकेट से रिटायर हो चुके हैं, लेकिन इंग्लैंड में उनका जलवा कम नहीं हुआ है. चौथे टेस्ट से ठीक पहले मैनचेस्टर में विराट कोहली की मौजूदगी ने फैंस को हैरान कर दिया है. दरअसल, वो खुद मैनचेस्टर नहीं पहुंचे हैं, लेकिन उनका विशाल पोस्टर ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम की दीवारों पर नजर आया है. इस पोस्टर में विराट के साथ साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और भारतीय महिला टीम की उपकप्तान और ओपनर स्मृति मंधाना की भी तस्वीरें लगी हैं.

यह पोस्टर इंग्लैंड और भारत के बीच 23 जुलाई से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट के प्रमोशन के लिए लगाया गया है. इसके साथ ही इस पोस्टर में भविष्य में होने वाले मैचों की तारीखें भी दी गई हैं. विराट कोहली की तस्वीर ने फैंस को रोमांचित कर दिया है और इंग्लैंड में उनकी लोकप्रियता एक बार फिर साबित हुई है.

### मैनचेस्टर में टीम इंडिया का रिकॉर्ड परेशान करने वाला

जहां विराट कोहली का चेहरा मैनचेस्टर में चमक रहा है, वहीं टीम इंडिया का प्रदर्शन इस स्टेडियम में काफी निराशाजनक रहा है. भारत ओल्ड ट्रैफर्ड में अब तक 9 टेस्ट मैच खेल चुका हैं, लेकिन टीम को एक भी जीत नसीब नहीं हुई है. इनमें से 4 मैच हारे हैं और 5 मैच ड्रॉ रहे हैं. इस मैदान पर सिर्फ आठ भारतीय बल्लेबाज ही शतक बना पाए हैं. आखिरी बार सचिन तेंदुलकर और मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 1990 में इस मैदान पर शतक जड़ा था. विराट कोहली जैसे दिग्गज भी इस मैदान पर कभी शतक नहीं बना पाए हैं. साल 2021 में विराट ने इसी मैदान पर भारत की कप्तानी भी की थी, लेकिन उस मुकाबले में भी भारत को हार का सामना करना पड़ा था.

## प्रतीका रावल और इंग्लैंड टीम पर आईसीसी ने लगाया जुर्माना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारतीय विमेंस टीम की ओपनर प्रतीका रावल पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना के साथ ही एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया है। जबकि इंग्लैंड टीम स्लो ओवर रेट के लिए मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। रावल पर यह जुर्माना बुधवार को साउथम्पटन में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए पहले वनडे मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगा। उन्हें आईसीसी के अनुच्छेद 2.12 का दोषी पाया गया है। यह नियम खिलाड़ी, सपोर्ट स्टाफ, अंपायर, मैच रेफरी या दर्शक के साथ अनुचित व्यवहार शामिल है। रावल पर दो अलग-अलग घटनाओं के कारण यह कार्रवाई हुई। 18वें ओवर में रन लेते समय उन्होंने गेंदबाज लॉरेन फाइलर के साथ अनावश्यक शारीरिक संपर्क किया। इसके बाद, अगले ओवर में आउट होने के बाद पवेलियन लौटते समय उन्होंने गेंदबाज सोफी एक्लेस्टोन के साथ भी ऐसा ही अनुचित संपर्क किया। प्रतीका रावल रन लेने के दौरान लॉरेन फाइलर के साथ अनावश्यक शारीरिक संपर्क किया।

### इंग्लैंड निर्धारित समय से एक ओवर पीछे थी

वहीं, इंग्लैंड महिला टीम पर धीमी ओवर-रेट के लिए 5 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया गया इंग्लैंड की टीम निर्धारित समय में एक ओवर पीछे थी। आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर की कमी के लिए खिलाड़ियों पर 5 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगता है।

रावल और इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने अपनी गलती स्वीकार कर ली और आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की सदस्य सारा बार्टलेट की ओर से प्रस्तावित सजा को मंजूर कर लिया। इसलिए, औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।

डूरंड कपः

# पांच राज्यों में खेले जाएंगे मैच और 24 टीमें लेंगी हिस्सा

**कोलकाता, एजेंसी।** इस वर्ष प्रतियोगिता का कुल इनामी राशि 3 करोड़ तक बढ़ा दिया गया है, जो अब तक की सबसे बड़ी राशि है। उद्घाटन मैच 23 जुलाई को ईस्ट बंगाल और साउथ यूनाइटेड के बीच युवभारती क्रीड़ांगन, कोलकाता में खेला जाएगा। फाइनल 23 अगस्त को खेला जाएगा। एशिया की सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता डूरंड कप इस वर्ष नए रिकॉर्ड और भव्य आयोजनों के साथ होने जा रही है।

गुरुवार को कोलकाता के एओआई विजय दुर्ग में आयोजित ट्रॉफी अनावरण समारोह के दौरान 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के आयोजन समिति ने इसकी घोषणा की। इस वर्ष प्रतियोगिता का कुल इनामी राशि 3 करोड़ तक बढ़ा दिया गया है, जो अब तक की सबसे बड़ी राशि है। उद्घाटन मैच 23 जुलाई को ईस्ट बंगाल और साउथ यूनाइटेड के बीच युवभारती क्रीड़ांगन, कोलकाता में खेला जाएगा। फाइनल 23 अगस्त को खेला जाएगा।

### तीन ट्रॉफी का अनावरण

इस अवसर पर प्रतियोगिता की तीन प्रतिष्ठित ट्रॉफियों डूरंड कप, शिमला ट्रॉफी (1904 से) और प्रेसिडेंट्स कप (स्थायी रूप से विजेता के पास रहता है) का अनावरण किया गया। कार्यक्रम



में पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री अरूप विश्वास मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। उनके साथ थे आईएएस राजेश कुमार सिन्हा, आयोजन समिति के चेयरमैन लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा और उपाध्यक्ष, डूरंड आयोजन समिति मेजर जनरल राजेश अरुण मोगे उपस्थित थे।

इस मौके पर पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री अरूप विश्वास अरूप विश्वास ने कहा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उद्घाटन और 23 अगस्त को फाइनल मुकाबले में मौजूद रहेंगी। चार बड़े क्लब मोहन बागान, ईस्ट बंगाल, मोहम्मडन एससी और डायमंड हार्बर एफसी के लिए 5000-5000 टिकट आरक्षित किए गए हैं, ताकि प्रशंसकों की भागीदारी अधिकतम हो सके।

### खर्च हो रहे हैं 15 करोड़: सिन्हा

इस मौके पर आईएएस राजेश कुमार सिन्हा ने कहा, डूरंड कप ने पिछले छह वर्षों में कोलकाता में फिर से अपनी गरिमा प्राप्त की है। राज्य सरकार ने आयोजन के लिए 15 करोड़ खर्च किए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में सभी विभागों का सहयोग सराहनीय है।

### इनामी राशि 3 करोड़ से अधिक, तीन को एसयूवीः मल्होत्रा

लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा ने घोषणा की कि इस बार 3 करोड़ से अधिक इनामी राशि रखी गई है, जो पहले के 1.2 करोड़ से कहीं अधिक है। तीन व्यक्तिगत पुरस्कार विजेताओं को एसयूवी गाड़ियां दी जाएंगी। यह भारतीय फुटबॉल प्रतिभाओं को सम्मान और प्रोत्साहन देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### 24 टीमें, छह समूह में बंटी हैं: मोघे

खेल के बारे में जानकारी देते हुए मेजर जनरल राजेश अरुण मोगे ने कहा, प्रतियोगिता लीग-कम-नॉकआउट फॉर्मेट में होगी। 24 टीमें, छह समूहों में बंटी हैं, और देश के पांच राज्यों में खेलेंगी।

### डूरंड कप 2025 के मैच देश के 5 राज्यों में आयोजित होंगे

बंगाल की राजधानी कोलकाता के युवभारती और किशोर भारती स्टेडियम, कोकराझार (असम) मणिपुर (इंफाल), मेघालय (शिलांग) और झारखंड के जमशेदपुर में मैच खेले जाएंगे। कोलकाता में होंगे 15 लीग मैच खेले जाएंगे। इसके अलावा एक क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और 23 अगस्त को फाइनल मैच खेला जाएगा।

## इंग्लैंड के खिलाफ भारत कर सकता है सीरीज बराबर : मोहम्मद कैफ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने युवा भारतीय टीम का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया इंग्लैंड में चल रही टेस्ट सीरीज में वापसी कर सकती है। उन्होंने ये भी माना कि हार के बाद घबराहट से टीम का लय बिगड़ सकता है। के साथ खास बातचीत में कैफ ने विराट कोहली, रोहित शर्मा, मोहम्मद शमी और आर. अश्विन जैसे सीनियर खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी के बावजूद भारतीय टीम की मजबूती की तारीफ की और कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व और बल्लेबाजी की सराहना की। कैफ ने टीम के सिलेक्शन की वकालत की और टीम प्रबंधन को हार के बाद जल्दबाजी में फैसले न लेने की सलाह दी। उन्होंने करुण नायर जैसे खिलाड़ियों पर भरोसा और मौजूदा प्लेइंग इलेवन को समर्थन देने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, आपने चार दिन तक अच्छा क्रिकेट खेला और पांचवें दिन हार गए। इसका मतलब यह नहीं कि आप अपनी योजनाएं बदल दें।

कैफ ने जसप्रीत बुमराह के अगले महत्वपूर्ण टेस्ट में खेलने की संभावना और बल्लेबाजी टीम के फॉर्म में होने पर कहा, 2-2 से सीरीज बराबर होने की अच्छी संभावना है, भारत को बस शांत रहकर समझदारी से खेलना होगा। सीरीज में भारत के प्रदर्शन पर कैफ ने कहा, भारत ने पिछले 15 में से 12-13 दिन तक दबदबा बनाए रखा। उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार क्रिकेट खेला। जब यह टीम इंग्लैंड पहुंची, तो ज्यादातर लोग 0-4 या 1-4 से हार की भविष्यवाणी कर रहे थे, लेकिन इस युवा टीम ने सभी को चौंका दिया। कोहली, रोहित, शमी और अश्विन के बिना इस टीम ने शानदार प्रदर्शन किया।

# जडेजा को कोस रहे लोगों को गौतम गंभीर ने दिया मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में भारतीय टीम 1-2 से पीछे चल रही है. 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच में टीम इंडिया सीरीज बराबरी करने के इरादे से उतरेगी.

इसके लिए खिलाड़ी मैदान पर जमकर पसीना बहा रहे हैं. इस बीच टीम के हेड कोच गौतम गंभीर का ड्रेसिंग रूम का एक वीडियो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने रिलीज किया है, जिसमें वो टीम इंडिया के ऑलराउंडर खिलाड़ी रवींद्र जडेजा की तारीफ कर रहे हैं और उनको कोस रहे लोगों को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं. लॉर्ड्स टेस्ट मैच में टीम इंडिया को 22 रनों से हार का सामना करना पड़ा था.

### बीसीसीआई ने रिलीज किया वीडियो



### गौतम गंभीर ने क्या कहा?

लॉर्ड्स टेस्ट मैच में हार के बाद बीसीसीआई ने ड्रेसिंग रूम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें टीम इंडिया के हेड कोच खिलाड़ियों से बात करते हुए रवींद्र जडेजा की तारीफ कर रहे हैं. गंभीर ने कहा, उन्होंने अविश्वसनीय लड़ाई लड़ी, जड्डू ने जो संघर्ष किया, वाकई में बहुत शानदार पारी थी. रवींद्र जडेजा ने लॉर्ड्स टेस्ट मैच की दूसरी पारी में नाबाद 61 रनों की पारी खेली थी.

टीम इंडिया 193 रनों का पीछा करते हुए टीम इंडिया 170 रनों पर ऑल आउट हुई, लेकिन जडेजा नाबाद रहे थे.

### सिराज ने भी की तारीफ

टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने भी रवींद्र जडेजा की तारीफ की है. उन्होंने कहा, जड्डू भैया जैसा खिलाड़ी मिलना मुश्किल है. फील्डिंग, बॉलिंग और बैटिंग हर चीज में उन्होंने खुद को बेहतर किया है. वो टीम के लिए मुश्किल हालात में रन बनाते हैं.

हम लकी हैं कि हमारे पास उनके जैसा खिलाड़ी है. लॉर्ड्स टेस्ट मैच की दूसरी पारी में रवींद्र जडेजा ने मोहम्मद सिराज के साथ मिलकर आखिरी विकेट के लिए 13.2 ओवर 23 रनों की साझेदारी की थी, लेकिन शोएब बशीर ने सिराज को आउट करके इंग्लैंड को 22 रनों से जीत दिला थी. रवींद्र जडेजा की इस शानदार पारी की असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने भी सराहना की.

### जडेजा ने डिफेंस को मजबूत किया

टीम इंडिया के ऑलराउंडर खिलाड़ी रवींद्र जडेजा की तारीफ करते हुए टीम के असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने कहा कि उनकी बैटिंग अलग ही लेवल पर पहुंच चुकी है. पिछले दो टेस्ट मैचों में उन्होंने कमाल की बैटिंग की. उनका डिफेंस अब बहुत मजबूत दिखता है, वो अब एक प्रॉपर बल्लेबाज जैसे नजर आ रहे हैं.

## पंत मैनचेस्टर में विकेटकीपिंग नहीं कर सकते तो बतौर बल्लेबाज न खेलें: शास्त्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मैनचेस्टर टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम के उप-कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की उपलब्धता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि टीम के उप-कप्तान को तब तक एक बल्लेबाज के रूप में नहीं खेलना चाहिए, जब तक कि वह चौथे टेस्ट से पहले मैच के लिए विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी लेने के लिए आश्वस्त न हो जाएं। तीसरे टेस्ट में पंत ने 74 और 9 रन की पारी खेली थी। खेल के दौरान उन्हें बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में चोट लगी थी, जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे। वह मैच के बाकी समय विकेटकीपिंग नहीं कर पाए। उनकी अनुपस्थिति में विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली। शुक्रवार को आईसीसी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में शास्त्री ने कहा, मुझे नहीं लगता कि अगर पंत विकेटकीपिंग नहीं कर सकते तो उन्हें विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर मैदान में उतरना चाहिए, क्योंकि उन्हें क्षेत्ररक्षण करना होगा, और अगर वह क्षेत्ररक्षण करते हैं, तो स्थिति और खराब हो जाएगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि दस्तानों के साथ कम से कम कुछ सुरक्षा तो मिलती है। बिना दस्तानों के, अगर उन्हें कोई ऐसी चीज लग जाती है जो उन्हें चुभती है, तो यह बहुत अच्छा नहीं होगा। इससे चोट और बिगड़ जाएगी। चौथे टेस्ट के लिए टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा था कि पंत खेलने के लिए फिट होंगे। गुरुवार को टीम के अभ्यास सत्र के दौरान, सहायक कोच रयान टेन डोशेट ने कहा था कि टीम पंत को मैनचेस्टर में मैदान पर उतरने के लिए पूरी तरह से फिट होने और ठीक होने के लिए जितना हो सके उतना समय दे रही है। शास्त्री ने कहा कि जब आप अगले टेस्ट के लिए टीम चुनेंगे, तो उन्हें विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों करनी होंगी। वह दोनों में से एक नहीं कर सकते। बेहतर होगा कि वह पूरी तरह से फिट हों। अगर उनकी चोट गंभीर नहीं है तो मुझे लगता है कि वह खेलेंगे। अभी टेस्ट मैच शुरू होने में कुछ दिन बाकी हैं। वह ठीक हो जाएंगे।



इंडिया-इंग्लैंड- अंडर-19

## वैभव-आयुष करेंगे ओपन, दूसरे टेस्ट के लिए इंडिया 19 की प्लेइंग इलेवन, टेस्ट सीरीज जीतने का मौका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया अंडर 19 क्रिकेट टीम और इंग्लैंड अंडर 19 क्रिकेट टीम के बीच 2 मैचों की यूथ टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज का दूसरा यानी आखिरी मैच 20 जुलाई से काउंटी ग्राउंड, चेम्सफोर्ड में खेला जाएगा। भारतीय समय के मुताबिक ये मैच दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा।

### इंडिया के पास टेस्ट सीरीज जीतने का मौका

आयुष महात्रे की कप्तानी में इंडिया ने पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और टीम जीतने की स्थिति में भी थी, लेकिन आखिरी दिन भारतीय गेंदबाज विरोधी टीम के सभी 10 विकेट लेने में विफल रही थी और मैच ड्रॉ पर खत्म हुआ था। इंडिया का जिस तरह का प्रदर्शन पहले मैच में रहा उसके बाद इस टीम के पास इस टेस्ट सीरीज को अपने नाम करने का अच्छा मौका है। पहले टेस्ट मैच में इंडिया के बल्लेबाजों व गेंदबाजों ने इंग्लैंड पर अपना शिकंजा पूरे मैच के दौरान कसे रखा था और एक समय पर ऐसा लग रहा था कि टीम जीत जाएगी, लेकिन मेजबान टीम ने मैच किसी तरह से ड्रॉ करा लिया। हालांकि इस टीम के कुछ खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और ये टीम भी जीत के साथ सीरीज का अंत करना चाहेगी, यानी दोनों टीमों के बीच दूसरे मैच में कड़ी टक्कर होने की पूरी उम्मीद है।

### दूसरे टेस्ट के लिए भारत की प्लेइंग इलेवन में बदलाव की संभावना कम

दूसरे टेस्ट मैच के लिए जहां तक भारतीय प्लेइंग इलेवन की बात है तो इसमें शायद ही कोई बदलाव किया जाए। भारत के लिए पारी की शुरुआत वैभव और आयुष करेंगे। ये दोनों अच्छी लय में हैं और पहले टेस्ट में वैभव ने दूसरी पारी में अर्धशतक लगाया था जबकि कप्तान आयुष ने पहली पारी में शतक लगाया था। विहान तीसरे नंबर पर रहेंगे जिन्होंने पहले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में अर्धशतक लगाया था।

बल्लेबाजी क्रम में इनके बाद मौल्यराज सिंह चावड़ा, राहुल कुमार और फिर अभिज्ञान कुंडू होंगे। पहले टेस्ट में मौल्यराज ने निराश किया था और दोनों पारियों में बड़ा स्कोर नहीं कर पाए थे, लेकिन इसके बावजूद उन्हें प्लेइंग इलेवन में रखा जा सकता है। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो इसमें अंबरीश, एनान, दीपेश, हेनिल और अनमोलजीत सिंह होंगे।

## ओलिविया स्मिथ बनी दुनिया की सबसे महंगी महिला फुटबॉलर

**लंदन, एजेंसी।** ओलिविया स्मिथ महिला फुटबॉल इतिहास की सबसे महंगी खिलाड़ी बन गई हैं। आर्सेनल ने कनाडा की इस 20 वर्षीय खिलाड़ी को 10 लाख पाउंड (लगभग 11 करोड़ 57 लाख रुपए) की विश्व रिकॉर्ड ट्रांसफर फीस पर लिवरपूल से अपनी टीम में शामिल किया। महिला फुटबॉल में यह नई धनराशि जनवरी में सैन डिएगो वेव से नाओमी गिर्मा को अपनी टीम से जोड़ने के लिए चेल्सी द्वारा भुगतान की गई 900,000 पाउंड की राशि को पार कर गयी है।



आर्सेनल की महिला फुटबॉल निदेशक क्लेयर व्हीटली ने कहा, 'वह खेल की सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक हैं और क्लब में आगे बढ़ने की उनमें अपार संभावनाएं हैं। अनुबंध के बारे में जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इस फॉरवर्ड ने चार साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

## 301 विकेट ले चुके इस गेंदबाज ने अचानक किया संन्यास लेने का ऐलान, फैन्स में मचा हड़कंप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्लूस्टरशायर के दिग्गज गेंदबाज टॉम स्मिथ ने टी-20 ब्लास्ट में अपनी टीम के अभियान की समाप्ति के साथ ही पेशेवर क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी. चेल्टेनहैम कॉलेज में विटैलिटी ब्लास्ट में ससेक्स शार्क्स के खिलाफ ग्लूस्टरशायर का मैच उनका आखिरी मैच होगा.

टॉम स्मिथ ने 2015 में टीम के रॉयल लंदन वनडे कप और पिछले सीजन में टी-20 ब्लास्ट जीतने में अहम भूमिका निभाई थी. वह क्लब के लिए टी20 में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं. ग्लूस्टरशायर के लिए टॉम स्मिथ ने करियर की शुरुआत 12 साल पहले ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ हुए एक अभ्यास मैच से की थी. क्लब के लिए सभी प्रारूपों में वह अब तक 301 विकेट ले चुके हैं. टी20 में उनके नाम 154 विकेट दर्ज हैं. क्लब की वेबसाइट के लिए लिखे एक पत्र में स्मिथ ने



लिखा, ऐसा लगता है कि यह सही समय है. पिछले कुछ सीजन में, मुझे खेलने के साथ-साथ कोचिंग करियर बनाने का सौभाग्य मिला है और अब मैं उस पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित करने के लिए तैयार हूं. उन्होंने लिखा, ग्लूस्टरशायर का मुझ पर विश्वास करने के लिए शुक्रिया. पिछले 13 सीजन मेरे और मेरे परिवार, दोनों के लिए बेहद खास रहे हैं. क्लब को डिवीजन वन में पहुंचाने से लेकर दो व्हाइट-बॉल ट्रॉफी जीतने तक, ये क्रिकेट के मैदान पर मेरे सबसे बेहतरीन दिन रहे हैं. ग्लूस्टरशायर के मुख्य कोच मार्क एलेन ने स्मिथ के पूरी तरह से कोचिंग की भूमिका में आने पर बधाई दी. एलेन ने कहा, टॉम ने 50 से ज्यादा प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, लेकिन उन्होंने व्हाइट-बॉल क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन किया है. उन्होंने कहा, कोचिंग में एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए, हमें पूरा विश्वास है कि वह उसी ऊर्जा और कौशल के साथ आगे बढ़ेंगे.

# अमानक खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों पर अपर कलेक्टर न्यायालय ने चौतीस व्यापारियों पर लगाया आठ 8 लाख 25 हजार रूपए का जुर्माना

**पन्ना।** अपर कलेक्टर न्यायालय पन्ना द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के माध्यम से खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के उल्लंघन पर प्रस्तुत प्रकरणों में सुनवाई कर जिले के 34 खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध 8 लाख 25 हजार रूपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार राय ने जानकारी दी कि इन्द्रपुरी कॉलोनी पन्ना में इन्द्रजीत गुप्ता को अवैध रूप से मिलावटी घी का निर्माण करते पाए जाने पर एक लाख 50 हजार रूपए तथा मोहन्द्रा में अवैध रूप से केक विक्रय पर राज साहू, दीपक साहू हटा जिला दमोह पर 25 हजार रूपए का जुर्माना अधिरोपित करने की कार्रवाई की गई है।




इसके अतिरिक्त अमानक स्तर की खाद्य सामग्री विक्रय पर नमूनों की जांच उपरांत रोहित चौरसिया दादा दूध डेयरी पवई, अमन चौरसिया अमन एजेंसी मोहन्द्रा, नंदकिशोर साहू आनवी किराना मोहन्द्रा, केशरी प्रसाद यादव दूध विक्रेता खजुरी कुड़ार, सनद यादव दूध विक्रेता दहलान चौकी, अभिषेक द्विवेदी कानपुर स्वीट्स पन्ना, सुरेश यादव दूध विक्रेता बनहरीकला अजयगढ़, रोहित खटीक दीक्षा दूध डेयरी पवई, राजेश पटेल दूध डेयरी अजयगढ़, सौरभ गुप्ता जटाशंकर चौपाटी अमानगंज, जीतेन्द्र पटेल मिठाई विक्रेता पवई, लक्ष्मी यादव प्रधान डेयरी पिपरवाह अमानगंज, सत्यम केशरवानी, सत्यनारायण केशरवानी, कन्हैया स्वीट्स किशोर जी मंदिर के पास पन्ना, बब्लू यादव आकाश डेयरी माधवगंज अजयगढ़, प्रमोद सिंह यादव दूध विक्रेता देवेन्द्रनगर, शिवशरण गर्ग, मामा भांजा रेस्टोरेंट गुनौर, मनोज रैकवार कड़ा लस्सी भण्डार पन्ना, शैतान सिंह ओम बीकानेर मिष्ठान भण्डार अमानगंज, खकेन्द्र कठायत नेपाली मोमोज पन्ना, अरविन्द यादव दूध विक्रेता सकरिया, राहुल जैन, जैन होटल अस्पताल चौराहा पन्ना तथा सुरेश कुमार गुप्ता बृजवासी स्वीट्स बस स्टैंड पन्ना पर 25-25 हजार रूपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है।

इसी तरह राजेश तिवारी दूध विक्रेता अमानगंज, अरूण द्विवेदी चाय विक्रेता इन्द्रपुरी कॉलोनी पन्ना, गर्जन सिंह दूध विक्रेता गुनौर, राकेश कुमार जैन, रक्कू टी स्टॉल देवेन्द्रनगर, पवन अग्रवाल, जीतेन्द्र अग्रवाल, मां शारदा चाय नास्ता दुकान गुनौर, रामनारायण सिंह यादव दूध विक्रेता अम्हा तिगैला अजयगढ़, पुष्पराज पाटकर राज मेडिकल स्टोर अस्पताल चौराहा पन्ना, अब्दुल नईम दूध विक्रेता बनौली अजयगढ़, चंद्रिका प्रसाद सेठिया, सेठिया रेस्टोरेंट शाहनगर और ज्ञानेन्द्र विश्वकर्मा ज्ञानेन्द्र किराना इंद्रपुरी कॉलोनी पन्ना पर 10-10 हजार रूपए का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी ने बताया कि संबंधित खाद्य कारोबारकर्ताओं को एक माह के भीतर वरिष्ठ न्यायालय में अपील न करने की स्थिति में निर्धारित जुर्माना राशि न्यायालय में जमा करने के संबंध में सूचित किया गया है अन्यथा वसूली कार्रवाई कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत संबंधित प्रतिष्ठान और व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनसामान्य से भी अपील की गई है कि खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को ध्यान में रखकर दूध, मिठाई, खोवा, घी और अन्य दैनिक उपयोग की खाद्य सामग्री क्रय करें, जिससे स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इसके अलावा खाद्य वस्तुओं के क्रय-विक्रय करने वाले खाद्य कारोबारकर्ताओं को भी खाद्य वस्तुओं में मिलावट या किसी प्रकार की गड़बडी करने अथवा नकली घी बेचने की सूचना प्राप्त होने पर कठोर दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करने के संबंध में चेतावनी दी गई है। आगामी त्यौहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# जान जोखिम में डालकर विद्यालय जाने को मजबूर शासकीय हाई स्कूल करही के छात्र छात्राएं

**पन्ना**

पन्ना जिले के पवई तहसील अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल करही में अध्यनरत छात्राएं बड़ी समस्या से गुजर रही है क्योंकि उक्त विद्यालय बांध की नहर के नीचे बनाया गया है तथा विद्यालय तक पहुंचाने के लिए कोई भी सड़क मार्ग नहीं है जिससे छात्र-छात्राओं को कीचड़ से जाना पड़ता है पानी भी गहरा भरा रहता है तथा नहर भी टूटने की समस्या बनी रहती है अनेकों बार जिले के जिम्मेवार अधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों से इस संबंध में लिखित एवं मौखिक आवेदन दिए गए लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है

गौरतलब है कि भले ही सरकार लाख विकास के दावे करें,लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही सामने निकल कर आती है। जहां बच्चों को अपनी जान जोखिम में डालकर विद्यालय जाना पड़ता है।अभिभावकों के मना करने के बावजूद भी विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करने का जस्बा उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर करता है। लेकिन



हमारे जिम्मेदार जनप्रतिनिधि तथा अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंगती है विद्यालय के चारों ओर पानी भरा हुआ है,विद्यालय भवन के एक एक ओर जहां मुख्य नहर बह रही है वहीं दूसरी ओर तालाब पानी से लबालब भरा हुआ है। ऐसे में बीच में रास्ता टूटने के कारण नहर का पानी तालाब में जा रहा है,उसी में से बच्चों को निकलना पड़ रहा है ऐसे में तेज बहाव होने की वजह से बड़ी दुर्घटना हो सकती है।विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा बच्चों को हाथ पकड़ पकड़ के पानी से इस पार से उस पार कराया जाता है। बच्चों के विद्यालय भवन तक सुरक्षित पहुंच मार्ग नहीं होने से कीचड़ में कपड़े खराब होते हैं,इसके साथ ही भवन परिसर के लिए चारों तरफ पानी भर होने के कारण विषैले जीव जंतुओं का भी खतरा बना रहता है। एक और शासन प्रशासन विकास की बात करती है। ओर कहती है की पढ़ेगा इंडिया तभी तो आगे बढ़ेगा इंडिया,आखिर ऐसे बिना रास्तों के जान जोखिम में डालकर कैसे पड़ेगा इंडिया और कैसे आगे बढ़ेगा इंडिया यह सोचने वाली बात है। स्कूल के बच्चों ने बताया कि उन्हें विद्यालय आने में डर लगता है उनके माता-पिता के द्वारा विद्यालय आने से मना किया जात पढ़ाई के कारण हम लोग मजबूरी में विद्यालय आते हैं।।

## इनका कहना है

इस संबंध में हमारे द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेज दिए गए हैं आगे क्या कार्यवाही होती है यह उन्हीं को तय करना है

**विजय राजेश मिश्रा प्रभारी प्राचार्य**

# करोड़ों की लागत से कड़वानी नाले पर बनाए गए दोनों पुल धराशाई

**ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग द्वारा किया गया था निर्माण, ग्राम पंचायत द्वारा जगह-जगह बोल्डर बांध बनाने से बन रहे बाढ़ के हालात**

**पन्ना।** जिले में भ्रष्टाचार चरमसीमा पर चल रहा है सबसेअधिक भ्रष्टाचारी पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग में चल रहा है इसी के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र का विकास किया जाता है शान द्वारा करोड़ों रुपए विकास के लिए किए जाते हैं लेकिन जिम्मेदारों द्वारा भ्रष्टाचार करके कागजों पर काम दिखला दिए जाते हैं इसी प्रकार का मामला गुनौर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मडिया कला का प्रकाश में आया है जहां पर सिमरी बिल्हा ग्राम के दोनों ओर बीचों बीच कड़वानी नाला पर ग्रामीण यांत्रिकी विभाग द्वारा पुल का निर्माण कराया गया था उक्त पुलो की लागत लगभग 50 लाख रही लेकिन उक्त पुल एक ही बरसात में धराशाई हो गया पुल की ऊंचाई भी कम होने के कारण की गई जिससे बरसात होने पर वह धराशाई हो गया तथा लोगों को एवं छात्र-छात्राओं को आने-जाने में फिर वही परेशानी उत्पन्न हो गई इसी प्रकार ग्राम पंचायत जिजगाव अंतर्गत मडियाराव ग्राम के पास भी कड़वानी नाला पर ही इसी प्रकार का बनाया गया था वह भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया स्थानीय लोगों ने बताया गया कि इस बार कड़वानी नाल में पत्थरों से चेक डैम अनेक ग्राम पंचायत द्वारा बनाए गए जिससे नाला की धार रुक जाने से बाढ़ के हालात बन गए हैं तथा करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार भी हो गया है इनका कहना है कड़वानी नाला मैं सिमरी तथा माडिया राव गांव के पास जनता की मांग पर पुलों का निर्माण कराया गया था जिसमें करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार हुआ तथा उक्त दोनों का एक ही वर्ष के अंदर धराशाई हो गए संबंधित मामले कि जांच कर कार्यवाही करने की मांग की जाए।

# मैहर जिले में अब तक 596.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 18 जुलाई 2025 तक 596.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 616 मि.मी., मैहर में 534.6 मि.मी. एवं रामनगर में 638 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 274.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। चालू मानसून सीजन में मैहर जिले में अब तक की वर्षा में 81.1 मिमी औसत 24 घण्टे की दैनिक वर्षा 18 जुलाई की प्रात: 8 बजे तक दर्ज की गई है।

# मन्त्री खिर्वा मोड से लेकर बमुरहा ग्राम तक गड्ढे में तब्दील हुई सड़क

**विद्यालय पढ़ने जा रही छात्र-छात्राओं को हो रही परेशानी, दुर्घटना की आशंका**

**पन्ना।** जिले के अमानगंज तहसील अंतर्गत आने वाले बमुरहा ग्राम के मन्त्री खिरवा मोड़ से लेकर बमुरहा ग्राम तक मुख्यमंत्री सड़क योजना से बनाई गई सड़क पूरी तरह से ध्वस्त और खस्ता हालत में देखे जा रही है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है हालत यह है कि बच्चे पढ़ाई के लिए जाते समय इस रास्ते से जाते हैं जो कीचड़ में सन जाते हैं तो चार पहिया वाहन कई बार घंटों फंसी रहती है मगर इस पर शासन प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है यह कहा जा रहा है कि यह सड़क सड़क नहीं गड्ढों में सड़क तब्दील हो गई है ग्राम के निवासी तिलक राज पटेल बमुरहा द्वारा मीडिया से चर्चा के दौरान शासन प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शासन प्रशासन सड़क को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है और अमेरिका जैसी खर्राटेदार सड़क होने के दावे किए जाते हैं मगर जमीनी हकीकत बिल्कुल जुदा है जहां आज भी लोग ऐसा जीवन जी रहे और सड़क न होने से परेशानी का सामना कर रहे यह एक मात्र उदाहरण है इस प्रकार की परिस्थितियों में अनेक ग्रामों में निर्मित है।



# ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर आवेदन 20 जुलाई तक आमंत्रित

**सतना।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने सतना जिले के सभी वर्ग के किसान भाइयों कों सूचित किया है कि ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर (राष्ट्रीय कृषि विकास योजना त्त्मेनतप्रमक स्तपहंजपवद) योजना अंतर्गत सिंचाई उपकरण सिंप्रकलर सेट, ड्रिप सिस्टम एवं मिनी सिंप्रकलर के आवेदन 14 जुलाई से 20 जुलाई 2025 तक आमंत्रित किये जा रहे है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर 21 जुलाई को लॉटरी कि प्रक्रिया की जायेगी। इच्छुक कृषक इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर मे किसी भी अनलाइन केंद्र पर आवेदन कर सकते हैं।

# स्कूलों की प्रयोगशाला में प्रयोगिक कार्य तत्काल प्रारंभ करें : डीईओ

**सतना।** जिला शिक्षा अधिकारी विष्णु त्रिपाठी ने सभी हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्कूलों के लैब में तत्काल प्रायोगिक कार्य प्रारंभ कराए जाएं। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि राज्य शासन के निर्देश हैं कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में 16 जून से स्कूल खुलने के साथ ही लैब में प्रायोगिक कार्य किए जाएं। लेकिन एक माह की समयावधि बीतने पर भी अधिकांश विद्यालयों में लैब के ताले नहीं खोले गए हैं। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक और संस्था प्रमुख की उदासीनता का परिचायक है। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आगामी दिनों में जिले और विकासखंड स्तर की निरीक्षण टीमों के निरीक्षण में कहीं लैब संचालित नहीं पाई गई तो संबंधित संस्था प्रमुखों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विकासखंड अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने क्षेत्रांतर्गत आने वाली शालाओं में लैब संचालित कराये और प्रत्येक विद्यालय में लैब संचालन के फोटोग्राफ्स प्राप्त कर अभिलेख संधारण करें।

# मोटरयान दुर्घटना प्रतिकर योजना के तहत सहायता राशि स्वीकृत

**सतना।** हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीडित प्रतिकर योजना 2022 के अनुसार अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में घायल होने पर 50 हजार रूपये तथा मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा वार्ड नं. 3 हरदी थाना सिंहपुर जिला शहडोल निवासी मोहम्मद इसमाईल अज्ञात वाहन से सडक दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी पत्नी नैमुन निशा को 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# मत्स्य बाजारों में की गई छापामार कार्यवाही

**56 किलो लावारिस मछली जप्त**

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार मत्स्य पालन विभाग द्वारा गुरूवार को बंद ऋतु की अवधि में पन्ना के स्थानीय मत्स्य बाजारों में छापामार कार्यवाही कर 56 किलो मछली लावारिस हालत में जप्ती के उपरांत नीलामी की कार्यवाही की गई। जिला कलेक्टर द्वारा गत 16 जून को अधिसूचना जारी कर आगामी 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लगाया गया था। इस अवधि में मत्स्य विक्रय, विनिमय और परिवहन भी प्रतिबंधित किया गया है। उल्लंघन पर अधिनियम की धाराओं में एक वर्ष के कारावास या 5 हजार रूपए जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित करने का प्रावधान है। मत्स्य निरीक्षक एच.सी. विश्वकर्मा द्वारा विभाग की टीम के साथ मत्स्य बाजार में छापामार कार्रवाई की गई।



# पशुपालन विभाग की टीम द्वारा किया गया टीकाकरण

**पन्ना।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत गत एक जुलाई से पशुओं में खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। यह अत्यधिक संक्रामक और गंभीर वायरल रोग है, जो कि मुख्यत: गाय, भैंस, भेड़, बकरी इत्यादि खुर वाले जानवरों को प्रभावित करता है। इसके मुख्य लक्षण बुखार, मुंह एवं पैर में छाले, मुंह से लार आना, खाने में कठिनाई होना, दुग्ध उत्पादन कम होना तथा लंगड़ाना है। विभाग की टीम द्वारा इस बीमारी से बचाव के लिए 4 माह से ऊपर के समस्त गौ एवं भैंस वंशीय पशुओं में नि:शुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। टीकाकरण के साथ पशुओं की यूआईडी टैगिंग भी की जा रही है।



उप संचालक डॉ. एन.के. गुप्ता ने बताया कि आगामी 31 अगस्त तक टीकाकरण कार्य किया जाएगा। सभी पशुपालकों से बीमारी के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए पशुओं का टीकाकरण कराने तथा संपूर्ण बचाव के लिए हर छ: माह में नियमित रूप से टीकाकरण कराने की अपील भी की गई है। पशुपालक टीकाकरण के लिए अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय, पशु औषधालय और ग्राम पंचायत में प्रशिक्षित गौसेवक या मैत्री से संपर्क कर सकते हैं।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया मंदाकिनी नदी का निरीक्षण




**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने शुक्रवार को चित्रकूट पहुंचकर मंदाकिनी नदी के जलस्तर का निरीक्षण किया। इसके बाद कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक के साथ चित्रकूट भरत घाट पहुंचकर मंदाकिनी बाढ़ का भी जायजा लिया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बरसात के समय जिले में भारी बरसात की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए फील्ड में सतत निगरानी रखें। कलेक्टर ने नगर पंचायत चित्रकूट के अमले को नदी की बाढ उतरने पर घाटों एव सार्वजनिक स्थलों की जमी मिट्टी की सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थायें ठीक करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने भरत घाट एवं मंदाकिनी तट के अन्य घाटों का निरीक्षण भी किया। इसके बाद कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने कामतानाथ स्वामी के कामदगिरी परिक्रमा मार्ग में चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया। बाद में सद्गुरू संघ ट्रस्ट जानकी कुण्ड के नेत्र चिकित्सालय क भ्रमण कर चिकित्सालय के विभिन्न प्रकल्पों का अवलोकन किया। इस दौरान राहत एवं बचाव कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता पर करें। अमले को लगातार सक्रिय रखें। कलेक्टर ने आरोग्यधाम से मोकमगढ़ तक कराए गए सुदृढीकरण, घाट निर्माण, रिटर्निंग बाल व पिचिग के बाढ़ में बह जाने के मामले में संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेज कर निरीक्षण करने के निर्देश दिये। इस मौके पर अधीक्षण यंत्री पीके मिश्रा, एसडीएम एपी द्विवेदी सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# व्यापारी कल्याण संघ की बैठक, 15 दिन में रुई मंडी होगी शिफ्ट

**1 माह में शहर होगा अतिक्रमण मुक्त, व्यापारियों की मांगों पर बोले मैहर विधायक**

**मैहर**

अपने बेबाक बयानों एवं खरी खरी बोलकर हमेशा आलोचकों के निशाने पर रहने वाले मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी गुरुवार रात्रि आयोजित हुई मैहर व्यापारी कल्याण संघ की बैठक में शामिल हुए एवं व्यापारियों की सभी मांगों को सही मानते हुए एक माह के भीतर निराकरण करने का आश्वासन दिया। जिसपर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित व्यापारियों ने उनका स्वागत तालियां बजाकर किया एवं उनका आभार जताते हुए सभी समस्याओं का निराकरण होने पर उनका एवं नपाध्यक्ष का सम्मान करने का वचन दिया।

एक माह में शहर होगा अतिक्रमण मुक्त

मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी को सर्वप्रथम व्यापारी संघ के अध्यक्ष नितिन ताम्रकार द्वारा 5 सूत्रीय मांग पत्र पढ़ कर सुनाया जिसपर उन्होंने कहा कि व्यापारी संघ की सभी मांगे जायज हैं अतिक्रमण हटाना एक दिन का काम नहीं है। लेकिन मैं यह विश्वास दिलाता हूं कि पूरे शहर का अतिक्रमण हटाने में लगातार प्रयास जारी रहेगा। एवं कटरा बाजार, घंटाघर चौक एवं काली माई चौराहे को अतिक्रमण एवं ठेला मुक्त वो एक माह के अंदर करवा देंगे ठेले वाले एवं फुटपाथी दुकानदारों को शिफ्ट करने स्थान चिन्हित कर लिया गया है,शब्जी अब सिर्फ शब्जी मंडी में बिकेगी। उन्होंने दुकानदारों को भी समझाते हुए कहा कि वो भी नाली के बाहर सामान न लगाएं एवं शहर को सुंदर बनाने सहयोग करें।



## रुई मंडी होगी 15 दिन में शिफ्ट

उन्होंने कहा कि रुई मंडी को 15 दिन में ओवर ब्रिज के पास शिफ्ट करने की योजना है यह काम 15 दिन के अंदर पूरा कर लिया जाएगा एवं उस जगह का उपयोग फुटपाथी दुकानदारों एवं ठेला दुकानदारों के लिए किया जाएगा।जिससे कटरा बाजार प्रदूषण मुक्त हो जाएगा और सड़कें भी अतिक्रमण मुक्त होंगी।

उन्होंने जेल तिराहे से घंटाघर चौराहे तक बन रही सड़क की ऊंचाई को लेकर कहा कि जितना निर्माण कार्य हो चुका है वो तो अब वैसे ही रहेगा लेकिन अलाउद्दीन चौराहे से घंटाघर चौक तक की सड़क दो फीट गड्ढा खोदकर ही बनाई जाएगी बैठक को सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी नपा सभापति वरिष्ठ पार्षद अशोक चौबे एवं संघ के अध्यक्ष नितिन ताम्रकार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में व्यापारी संघ के अध्यक्ष नितिन ताम्रकार सचिव रामचंद्र सोनी उपाध्यक्ष जवाहर संताणी एवं मनोज अग्रवाल कोषाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल सह सचिव दुर्गा गुप्ता एवं सरंक्षक सदस्य रमेश पंसारी, सुरेश अग्रवाल, सतविंदर सरना सहित बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री ने रीवा स्थित अमहिया निवास में स्थानीय लोगों से मुलाकात की तथा उनकी समस्यायें सुनीं। उप मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को आवेदकों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए।



## विकास के साथ कला और संस्कृति का विकास आवश्यक : उप मुख्यमंत्री

### शान-ए-विन्ध्य सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विकास के साथ कला और संस्कृति का विकास आवश्यक है। रीवा के राजकपूर ऑडिटोरियम में कलाकारों को विभिन्न आयोजनों की प्रस्तुति के लिए मंच उपलब्ध हो रहा है। इस प्रकार के आयोजनों से ऊर्जा का संचार होता है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल गत रात्रि शान-ए-विन्ध्य सम्मान समारोह में शामिल हुए तथा इस अवसर पर उनका शाल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

राजकपूर आडिटोरियम में देर रात्रि तक चले आयोजन में देश के ख्यातिलब्ध कलाकार एहसान कुरैशी तथा अन्य कलाकारों ने लोगों को अपनी हास्य प्रस्तुतियों से लोट-पोट कर दिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एहसान कुरैशी जी ने लोगों को खूब हंसाया। हंसाने वाले लोग कम ही होते हैं। उन्होंने कहा कि कला और संस्कृति से जुड़े आयोजनों से कलाकारों का उत्साह बढ़ता है और शहर में जीवंतता बनी रहती है। श्री शुक्ल ने कहा कि शान-ए-विन्ध्य सम्मान समारोह के आयोजक बधाई के पात्र हैं जिन्होंने यह आयोजन किया। इस अवसर पर प्रतिभावान कलाकारों का सम्मान भी किया गया। ऐसे आयोजन हमेशा होते रहना चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद श्री जनार्दन मिश्र, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ल सहित बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे।

## होटल चन्द्रलोक से जुर्माना राशि वसूली गई



**रीवा।** खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत चन्द्रलोक होटल रीवा पर एक लाख रुपए की जुर्माना राशि अधिरोपित की गई थी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर चन्द्रलोक होटल से 50 हजार रुपए की जुर्माना राशि की वसूली की गई। उल्लेखनीय है कि पूर्व में होटल संचालक द्वारा 50 हजार रुपए जमा कराए गए थे। शेष जुर्माना राशि 50 हजार रुपए ऑनलाइन माध्यम से जमा कराए गए। इस दौरान नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरीष दुबे, निरीक्षक साबिर अली उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने खाद्य विभाग की समीक्षा की

### पेट्रोल पंपों के नियमित निरीक्षण तथा दुकानों से खाद्य सामग्री की सेंपलिंग के दिए निर्देश

रीवा



कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर ने खाद्यान्न का नियमित परिवहन सुनिश्चित कराते हुए उचित मूल्य दुकानों से पात्र हितग्राहियों को निश्चित समय पर निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न वितरण के निर्देश दिए। उन्होंने समग्र पोर्टल में ई केवाईसी की प्रगति को बढ़ाने तथा खाद्यान्न न लेने वाले हितग्राहियों की सूची का मिलान करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिन आठ किसानों को उपज बेचने के उपरांत राशि का भुगतान नहीं किया गया उनका भुगतान कराएं।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने पेट्रोल पंपों की जाँच करने तथा दुकानों से खाद्य सामग्री के सेंपल लिए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान बताया गया कि 24 पेट्रोल पंपों की जाँच की जा चुकी है। दुकानों की सतत जाँच कर अमानक नमूने के प्रकरण दर्ज कराने के निर्देश कलेक्टर ने बैठक में दिए। कम नमूने लेने पर खाद्य सुरक्षा इंस्पेक्टर इन्द्रजीत सिंह को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत खाद्य सुरक्षा से संबंधित प्रकरण में अभिलाष शुक्ल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। कलेक्टर ने जिला रजिस्ट्रार क्षापरेटिव सोसायटी को रिकवरी कम होने व समितियों को भुगतान न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, खाद्य अधिकारी कमलेश ताण्डेकर, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, महाप्रबंधक क्षापरेटिव बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने झलबदरी तालाब को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सुबह विश्वविद्यालय के समीप भ्रमण के दौरान निर्माणाधीन झलबदरी तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, तय समय सीमा में कार्य पूण करने तथा तालाब क्षेत्र को स्वच्छ, आकर्षक एवं जन सुविधाओं से युक्त विकसित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

## नशामुक्त जनजागृति अभियान 15 अगस्त से 30 अगस्त तक होगा संचालित

**रीवा।** आगामी 15 अगस्त से 30 अगस्त तक नशामुक्त जनजागृति अभियान संचालित होगा। समाज में युवाओं एवं बच्चों में तंबाकू से बने उत्पाद के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए जनजागृति के उद्देश्य से अभियान संचालित होगा। आयोजन में स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस, उच्च शिक्षा, महिला बाल विकास विभाग एवं जन अभियान परिषद, प्रजापति ब्रम्हकुमारी, गायत्री परिवार तथा स्वैच्छिक संस्थाएं तथा धार्मिक संस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे संबंधितों से नशामुक्ति से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन कर अभियान में शामिल होने की अपेक्षा की है।

## पीड़ितों को हर संभव सहायता दी जाएगी : कमिश्नर

### कमिश्नर और आईजी ने मऊगंज जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा





**मऊगंज।** मऊगंज जिले में 16 जुलाई तथा 17 जुलाई को लगातार भारी वर्षा के कारण मऊगंज नगर परिषद सहित कई गांवों में निचली बस्तियों में जल भराव हो गया। नईगढ़ी को जाने वाले दोनों मार्ग जलमग्न और कटाव के कारण प्रभावित हुए, जिसके कारण आवागमन बाधित हुआ। प्रशासन द्वारा जल भराव से पीड़ितों की सहायता के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद तथा आईजी गौरव राजपूत ने मऊगंज जिले का भ्रमण करके बाढ़ प्रभावित लोगों से भेंट की। हनुमना तहसील के ग्राम ढाबा तिवरियान गांव में नाले का पानी बढ़ने पर 47 कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इनमें से कई मकान पूरी तरह से गिर गए हैं। इनमें रहने वाले सभी परिवारों को स्कूल में बनाए गए राहत शिविर में सुरक्षित रखा गया है। कमिश्नर ने बस्ती का दौरान करते हुए बाढ़ पीड़ितों से भेंट की।

कमिश्नर ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में सरकार और प्रशासन पीड़ितों के लिए हर संभव सहायता देगा। रहने की जब तक वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो जाती है तब तक सभी बाढ़ पीड़ित राहत शिविरों में रहेंगे। कलेक्टर शिविर में भोजन, पानी, दवा, प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था करें। मकानों के गिरने तथा बाढ़ के पानी से जिन परिवारों के अनाज खराब हो गए हैं उन सभी को उचित मूल्य दुकानों से 25 किलो गेंहू और 25 किलो चावल देने की व्यवस्था करें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सभी परिवारों की सूची बनाकर इन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दें। इन सभी परिवारों को सुरक्षित स्थान पर आवास की सुविधा दें। कमिश्नर ने कहा कि जल भराव के कारण मकानों की क्षति का तत्काल सर्वे कराकर पात्रता के अनुसार राहत राशि का वितरण कराएं। जिले में जल भराव वाले क्षेत्रों में सतत निगरानी रखें। अधिक वर्षा की स्थिति में निचली बस्तियों के लोगों को सचेत करें तथा सुरक्षित स्थानों में पहुंचाएं। मौके पर उपस्थित पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि पुलिस अधिकारी राहत और बचाव कार्य में पूरा सहयोग करें। बाढ़ अथवा किसी अन्य प्राकृतिक आपदा की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर समुचित कार्यवाही करें।

## पीएचई विभाग द्वारा जल स्रोतों में क्लोरिनेशन कार्य कराया गया



**रीवा।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में वर्षा के उपरांत हैण्डपंपों के आसपास क्लोरिनेशन का कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में सिरमौर अंतर्गत बड़ीडीह में क्लोरिनेशन का कार्य किया गया ताकि ग्रामवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। कार्यपालन यंत्री संजय पाण्डेय ने ग्रामवासियों एवं ग्राम जल और स्वच्छता समिति के सदस्यों से चर्चा की तथा साफ-सफाई रखने की अपेक्षा की।

## चालू वर्षाकाल के दौरान जिले में 450.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

### जिले में पिछले 24 घण्टों के दौरान 74 मिलीमीटर औसत वर्षा की गई दर्ज

**रीवा।** चालू वर्षाकाल के दौरान जिले में 290.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 617.4 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 430.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 648 मिलीमीटर, सिरमौर में 449.6 मिलीमीटर, त्योंथर में 259 मिलीमीटर, सेमरिया में 466 मिलीमीटर, मनगवां में 478 मिलीमीटर तथा जवा में 255 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी। गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 96 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी। जिले में पिछले 24 घण्टों के दौरान 74 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। पिछले 24 घण्टों के दौरान तहसील हुजूर में 50 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 90 मिलीमीटर, गुढ़ में 55 मिलीमीटर, सिरमौर में 120 मिलीमीटर, त्योंथर में 70 मिलीमीटर, सेमरिया में 75 मिलीमीटर, मनगवां में 86 मिलीमीटर तथा जवा में 45 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। जिले की सामान्य औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 23 जुलाई को

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक 23 जुलाई को आयोजित की गई है। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में सुबह 11 बजे से आहूत बैठक में सीएम हेल्पलाइन, फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली, नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, सायबर तहसील, 6 माह से न्यायालय में लंबित प्रकरण, धारणाधिकार, स्वामित्व योजना, पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य राजस्व विषयों की समीक्षा की जाएगी।

## कलेक्टर ने अवैध उत्खननकर्ता की चल-अचल सम्पत्ति की वसूली के दिए निर्देश

**मऊगंज।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने अवैध उत्खननकर्ता सुशील पटेल निवासी गोपला से अवैध उत्खनन के कारण अधिरोपित शास्ति राशि एक करोड़ 50 लाख 16 हजार रुपए की दुगनी राशि तीन करोड़ 32 हजार रुपए की चल-अचल सम्पत्ति की वसूली किए जाने के निर्देश तहसीलदार हनुमना को दिए हैं। उल्लेखनीय है कि शिकायत के आधार पर जाँच समिति द्वारा मौका स्थल का निरीक्षण किए जाने पर सुशील कुमार पटेल द्वारा अवैध खनिज फर्शी पत्थर, बोल्डर, पत्थर का नया व पुराना उत्खनन किया जाना पाया गया और एक करोड़ 50 लाख 16 हजार रुपए की शास्ति राशि अधिरोपित की गई। उत्खननकर्ता द्वारा राशि जमा न किए जाने पर अवैध उत्खनन/अवैध भण्डारण का उल्लंघन प्रमाणित होने पर विहित कुल शास्ति राशि की दुगनी रकम अधिरोपित कर कलेक्टर द्वारा वसूली के निर्देश दिए गए हैं।

## महापौर एवं निगम आयुक्त द्वारा बाढ़ राहत कार्यो की समीक्षा



**रीवा।** नगर निगम महापौर श्री अजय मिश्रा ''बाबा'' द्वारा निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे की उपस्थित में बाढ़ राहत कार्यो की समीक्षा की गई। महापौर ने कहा कि पूर्व के दिनों में हुई अत्यधिक वर्षा में नगर निगम की टीम ने युद्धस्तर पर कार्य कर सराहनीय कार्य किया है। शहर मे जलभरॉव की स्थिति पर कहा कि नालों में अतिक्रमण का चिन्हांकन कर अतिक्रमण तोड़े जाने की कार्यवाही की जाय साथ ही जलभरॉव की समस्याओं को उजागर करते हुये निदान की योजना बनाये जाने की बात कही। शहर मे विभिन्न स्थानों में नालियों के ऊपर रैम्प बनाकर अतिक्रमण किया गया है उसे हटाया जाय। वर्षाकाल में बाढ़ से बचाव हेतु सभी संभव तैयारिया दुरूस्त रखने की आवश्यकता है जिससे पूर्व में उत्पन हुई समस्या को कम किया जा सके एवं ड्रेनेज सिस्टम को और प्रभावी बनाने के लिए बेहतर योजना के साथ कार्य के निर्देश दिए। जहां जलभराव की स्थिति गंभीर थी जैसे वार्ड 15, 06, 40 एवं वार्ड 09 आदि क्षेत्रों में स्टार्म वाटर ड्रेन का प्रोजेक्ट बनाकर आगामी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि बड़ा नाला के निर्माण कार्य हेतु प्रोजेक्ट बनाना होगा जिससे वर्षा का जल आसानी से शहर के बाहर निकाला जा सके। सफाई के दौरान नालियों को ढक्कन खोलने के पश्चात ढक्कन को पुन: अवश्य लगाया जाय जिससे दुर्घटनाओं की संभावना न हो। जिन मोहल्लों में जलभरॉव से घरों में पानी घुसने की स्थिति निर्मित हुई वहां फुल प्रूफ व्यवस्था बनाने को कहा एवं इस बात का विशेष ध्यान रखा जाय कि आगामी वर्षा में ऐसी स्थिति निर्मित न हो। महापौर ने स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर निगम रीवा को उच्चतम पायदान में लाने के लिए नगर निगम के सभी कर्मचारियों को धन्यवाद प्रेषित किया। बैठक में पार्षद श्री धनेन्द्र सिंह बघेल, कार्यपालन यंत्री श्री एचके त्रिपाठी, श्री राजेश सिंह, उपायुक्त श्री प्रकाश द्विवेदी, श्री एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त श्री रामनरेश तिवारी, श्री केएन साकेत, सहायक यंत्री श्री एसके गर्ग, श्री पीएन शुक्ला, श्री राजेश मिश्रा, श्री अम्बरीश सिंह, श्री राजेश चतुर्वेदी, श्री अभिनव चतुर्वेदी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री मुरारी कुमार, जनप्रतिनिधि श्री अशोक पटेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## जल जनित बीमारियों पर नियंत्रण एवं पेयजल व्यवस्था के संचालन हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर वर्षा ऋतु में जलजनित बीमारियों पर नियंत्रण एवं रोकथाम तथा पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के प्रभारी श्यामसुंदर चौरसिया होंगे। उनका मोबाइल नम्बर 9203203652 है। कंट्रोल रूम में सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक रविशंकर प्रजापति मोबाइल नम्बर 9827677533 एवं जितेन्द्र कुमार शर्मा मोबाइल नम्बर 9200701469 की ड्यूटी लगाई गई है। जबकि दोपहर 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक उपेन्द्र मिश्रा मोबाइल नम्बर 8517895701 तथा गोरेलाल शर्मा मोबाइल नम्बर 9826856292 को नियुक्त किया गया है।

## दस्तक अभियान के संबंध में मीडिया वर्कशाप का आयोजन आज

**रीवा।** जिले में 22 जुलाई से 16 सितम्बर तक दस्तक अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान के संबंध में जिला स्तरीय मीडिया वर्कशाप 19 जुलाई को शाम 4 बजे से सीएमएचओ आफिस सभागार में आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने मीडिया के प्रतिनिधियों वर्कशाप में उपस्थिति का अनुरोध किया है।







स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833